दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 05 नवंबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 312 पेज-09 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

आज गाजियाबाद आ रहे हैं सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव

सपा नेता अभिषेक गर्ग के फार्म हाउस में भरेंगे कार्यकर्ताओं में जोश

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा चुनावों के बाद उत्तर प्रदेश की सियासत में समाजवादी पार्टी सबसे बड़ा विपक्षी दल बनकर सामने आई है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव समाजवादी तेवरों के साथ लगातार सरकार को घेर रहे हैं। गाजियाबाद में विधानसभा उपचुनाव होना है और यहां समाजवादी पार्टी कांग्रेस के साथ मिलकर चुनावी रण में हैं। समाजवादी पार्टी ने यहां सीट को अपने कोटे में लिया है और कांग्रेस यहां सहयोगी दल के रूप में चुनाव लड़ा रही है। समाजवादियों के बीच ऊर्जा का संचार करने के लिए आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गाजियाबाद आ रहे हैं। वो गाजियाबाद में सपा कार्यकताओं के सम्मेलन को संबोधत करेंगे।

दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही प्रकाशित किया था कि सम्मेलन स्थल के लिये सपा नेता अभिषेक गर्ग के फार्म हाउस को चुना गया है। एक तरह से ये स्थान का चयन होना सपा नेता अभिषेक गर्ग का मान बढ़ाने वाली बात है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव आज इंपीरियल फार्म हाउस में सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वह लगभग दोपहर 12 बजकर 45 मिनट पर बजे इंपीरियल गार्डन पहुंचेंगे यहां वो सपा कार्यकताओं के साथ चुनाव के संबंध में बैठक करेंगे। वो लगभग दो बजकर 45 मिनट तक इंपीरियल फार्महाउस में रहेंगे। आज समाजवादियों का सम्मेलन यहां होना है।

समाजवादियों को ना करना पड़ा वेट इसलिए सड़क चुनी है ऐलिवेट

अखिलेश यादव सियासत के मंझे हुए खिलाड़ी हैं। वो जानते हैं कि संदेश कैसे देना है। एलिवेटिड रोड समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में बनी थी। एक बार इस रोड के उद्घाटन से पहले समाजवादियों ने फीता काटकर इस रोड का उद्घाटन कर दिया था और यहां साइकिल चलाई थी। समाजवादी इस सड़क को सपा कार्यकाल की उपलब्धि मानते हैं। बताया जाता है कि जब समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव हिंडन एयरपोर्ट पर आएंगे तो वहां से इंपीरियल फार्म हाउस एलिवेटिड रोड के रास्ते आएंगे। इसके पीछे तर्क ये दिया जा रहा है कि समाजवादियों को ज्यादा इंतजार ना करना पड़े और बीच शहर के ट्रैफिक से भी बचा जा सके। इसलिए यह रूट चुना गया है। बहरहाल जो भी रूट होगा अखिलेश यादव यहां पहुंचेंगे।

एक हजार समाजवादी कार्यकर्ता रहेंगे बूथ सम्मेलन में मौजूद

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गाजियाबाद में होंगे। वो यहां समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं के साथ चुनाव के संबंध में बैठक करेंगे। इस कार्यक्रम को सपा जोनल बूथ सेक्टर कार्यकर्ता सम्मेलन बताया जा रहा है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट ने करंट क्राइम से बातचीत में बताया कि यह सम्मेलन समाजवादियों का सम्मेलन है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष आ रहे हैं और इस सम्मेलन में लगभग एक हजार समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

मंच पर रहेंगे कांग्रेस और सपा के अध्यक्ष

समाजवादी पार्टी का सम्मेलन है। ये सम्मेलन मूल रूप से समाजवादियों का सम्मेलन माना जा रहा है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सपा कार्यकताओं के साथ चुनाव से संबंधित बैठक करेंगे। लिहाजा ऐसे में कांग्रेस के नेता यहां दिखाई नहीं देंगे। लेकिन यहां मंच का जो फॉर्मेट आया है उसमें सपा के जिला और महानगर अध्यक्ष मौजूद रहेंगे और उनके साथ कांग्रेस के भी जिला और महानगर अध्यक्ष मौजूद रहेंगे। उपचुनाव का समय है तो ऐसे में सपा कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार को भी मंच पर स्थान मिलेगा। इसके अलावा मंच पर कौन किस प्रोटोकॉल से मौजूद रहेगा इसका फॉर्मेट प्रदेश से आना है और उसी के अनुसार व्यवस्था बनेगी। उसी के अनुरूप मंच पर समाजवादी नेताओं को स्थान मिलेगा।

गाजियाबाद में प्रेसवार्ता करें सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का कार्यक्रम गाजियाबाद में है वो लखनऊ से निजी वायुयान के द्वारा गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट पहुंचेंगे और यहां से फिर वो कार द्वारा प्रस्थान करेंगे। वो कार्यकताओं के सम्मेलन को संबोधित करेंगे वो कार्यकताओं को चुनावी मंत्र देंगे। यहां पर ये बताया जा रहा है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव सम्मेलन के बाद प्रेसवार्ता करेंगे। लखनऊ से जो कार्यक्रम आया है उसमें प्रैसवार्ता का भी जिक्र है। ऐसे में ये माना जा रहा है कि अखिलेश यादव प्रैसवार्ता नहीं करेंगे। इस बात की संभावना है कि वो कार्यक्रम स्थल से बाहर आते समय चलते-चलते मीडिया से रूबरू हो सकते हैं। कुछ सवालों के जवाब दे सकते हैं। अपनी बात कह सकते हैं, लेकिन विधिवत रूप से प्रैसकांफ्रेंस का कोई फॉर्मेट दिखाई नहीं दे रहा।

समाजवादी संगठन अध्यक्षों के लिये होगी यह एक अग्निपरीक्षा

सपा के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन और सपा के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट के लिये यह एक बड़ी परीक्षा है। इसकी वजह भी यह है कि जबसे इन दोनों चेहरों ने अध्यक्ष वाली कुर्सी संभाली है तब से यहां कोई ऐसा सम्मेलन, सभा नहीं हुई है जिमसें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आए हैं। कोई ऐसा सम्मेलन नहीं हुआ जिसमें दोनों अध्यक्षों को अपना होमवर्क चार्ट दिखाना हो, लेकिन अब ये मौका है जब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकताओं और संगठन पदाधिकारियों से रूबरू होंगे। वो बूथ कमेटियों की समीक्षा करेंगे, वो इस बात को भी जांच सकते हैं कि वार्ड में कितना काम हुआ है। वो यह भी पूछ सकतें हैं कि संगठन की बैठकों में कौन-कौन नहीं आता है। सपा फ्रंटल अध्यक्षों की कार्यशैली की समीक्षा हो सकती है। कुल मिलाकर यह संगठन के लिये एक बड़ी परीक्षा है। क्योंकि अगर यहां सपा संगठन का इंप्रेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने ठीक नहीं रहा तो इसके इफेक्ट दिखाई देंगे। समाजवादियों को पूरा होमवर्क करके आना होगा और राष्ट्रीय अध्यक्ष मंच से कुछ भी पूछे तो उसका उत्तर सही बताना होगा।

आज होंगे सीन से आउट चल रहे समाजवादियों के भी दीदार

मौका चुनाव का है और बूथ की समीक्षा करने स्वयं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आ रहे हैं। वो कार्यकताओं के साथ बैठेंगे, चुनाव की बैठक लेंगे और ऐसे में आज उन समाजवादियों के भी दीदार होंगे जो लंबे समय से पार्टी कार्यालय के अंदर तो क्या बाहर भी नजर नहीं आए हैं। पार्टी के सीन से आउट चल रहे कई समाजवादी चेहरे आज नजर आएंगे।

जब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आएंगे तो मोदीनगर से लेकर हिंडनपार तक के समाजवादी दिखाई देंगे। पुराने समाजवादियों के चेहरे दिखाई देंगे। वो समाजवादी नजर आएंगे जो सपा कार्यालय का रस्ता भूल गए हैं। वो समाजवादी भी दिखाई देंगे जो किसी बैठक में नहीं आते हैं। वो समाजवादी भी आज अपने दर्शन देंगे जो लंबे समय से सपा के किसी प्रदर्शन में भी नहीं दिखाई दिये।

सोमवार को अलर्ट मोड पर रही कमिश्नरेट पुलिस

खुद एडिशनल सीपी ने तीनों जोन में जांची सुरक्षा व्यवस्था

सेट पर लगाई कई चौकी प्रभारियों को फटकार

गाजियाबाद, करंट क्राइम : सोमवार को कई दिनों के बाद बैंक खुले थे, तो वहीं त्यौहारी सीजन के बाद बाजारों में भी भीड़भाड़ थी।

ऐसे में किसी प्रकार की वारदात ना हो, इसको लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने सभी एसीपी स्तर और थाना प्रभारियों को अलर्ट मोड पर रखा था। सोमवार को सुबह नौ बजे से ही एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले तीनों जोन के औचक निरीक्षण पर रहे। इस दौरान कई चौकी प्रभारियों को सेट पर लापरवाही मिलने पर फटकार लगाई गई। तो कुछ को लाइन भेजने के भी मौखिक आदेश दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि कई ड्यूटी पॉइंट पर पुलिसकर्मी नदारत मिले, तो कई स्थानों पर पुलिस अधिकारियों ने फोर्स के साथ पैदल मार्च भी निकाला।

नवयुग मार्केट में मिली गड़बड़ी, तो साहिबाबाद में लगी फटकार

करंट क्राइम : एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी सोमवार को ऑन रोड थे। वह अलग-अलग जोन में पुलिस की चेकिंग और व्यवस्था की जांच कर रहे थे। इस दौरान सूत्रों से जानकारी मिली है कि सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले बैंक के सबसे बड़े जोन नवयुग मार्केट में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था लचर मिली थी। जहां चौकी प्रभारी को कार्रवाई वाली फटकार भी लगाई गई थी। तो वही साहिबाबाद में दो चीता मोबाइल की लोकेशन ठीक नहीं पाई गई। इसके साथ ही कौशांबी के चौकी प्रभारी को भी फटकार सुनाई गई थी। बताया जा रहा है कि यह अभियान पुलिस आयुक्त के निर्देश पर चलाया गया था। दरअसल बीते कई दिनों से बैंक त्यौहारी सीजन की वजह से बंद थे। सोमवार को बाजारों और सार्वजनिक स्थानों में भीडभाड़ बढ़ी थी, ऐसे में किसी प्रकार की वारदात ना हो। इसको लेकर पुलिस ने यह अलर्ट मोड अपनाया था।

छठ महापर्व की आज से हो रही है शुरुआत

घाटों पर रहेंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

- ड्रोन और सीसीटीवी से होगी निगरानी
- हिंडन किनारे तैनात किए जाएंगे गोताखोर

गाजियाबाद, करंट क्राइम: चार दिनों तक चलने वाला लोक आस्था के महापर्व छठ की आज यानी मंगलवार से नहाय-खाय के साथ शुरू हो जाएगी। बुधवार को खरना और गुरुवार को पहला अर्घ्य दिया जाएगा, जबकि शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ यह पूजा समाप्त हो जाएगी।

छठ पर्व पर गाजियाबाद के अलग-अलग छठ घाटों पर भक्तों की काफी भीड़ होती है। ऐसे में जिला प्रशासन व पुलिस तैयारी में लगी हुई है। सभी घाटों को लगभग पूरी तरह से तैयार कर लिया गया है। वहीं सुरक्षा इंतजाम भी किए गए हैं। बैरिकेडिंग से लेकर सुरक्षा के लिए कैमरें व ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जाएगा। कमिश्नरेट के तीनों जोन में डीसीपी स्तर के अधिकारियों ने आयोजन स्थालों का जायजा ले लिया है।

पीएसी से लेकर एनडीआरएफ तक रहेगी तैनात

करंट क्राइम : डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया है कि छठ महापर्व को लेकर पुलिस की ओर से सभी तैयारियां की जा रही हैं। हिंडन और उसके आसपास के सभी घाटों पर पुलिस को लगाया जाएगा। ड्रोन और सीसीटीवी के जरिए निगरानी रखी जाएगी। तो इसके साथ ही एनडीआरएफ और पीएसी के गोताखोर भी लगाए जाएंगे ताकि किसी प्रकार की जनहानि ना हो। वहीं महिलाओं के त्योहार और भीड़ होने की वजह से महिला पुलिसकर्मियों को भी बड़ी संख्या में हिंडन के अलग-अलग छठ घाटों पर तैनात किया जाएगा। साथ ही पार्किंग व रूट डायवर्जन का प्लान भी लागू किया जाएगा।

गाजियाबाद सहित वेस्ट यूपी में तेज हुआ अधिवक्ताओं का आंदोलन

सोमवार को ठप्प रहा गाजियाबाद कचहरी का कामकाज, मंगलवार को भी कार्य बहिष्कार की घोषणा

- आज से टाइपिस्ट भी नहीं करेंगे कोई काम
- बड़ी संख्या में तैनात रहा पुलिस बल

कमेटी ने दर्ज किए अधिवक्ताओं सहित पूर्व व वर्तमान अध्यक्षों के बयान

गाजियाबाद, करंट क्राइम : गाजियाबाद में बीते दिनों कोर्ट रूम के अंदर अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के मामले को लेकर सोमवार को उत्तर प्रदेश के साथ ही दिल्ली और प्रदेश के कई शहरों में वकीलों ने कार्य बहिष्कार किया। तो वहीं बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने मंगलवार को भी कार्य बहिष्कार की घोषणा कर दी है।

बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित कुमार नेहरा ने सात सूत्रीय प्रस्ताव जारी करते हुए मंगलवार को भी अधिवक्ताओं से काम न करने की अपील की है। इसके साथ ही सभी अधिवक्तओं ने जिला जज का भी बहिष्कार कर दिया है। वहीं इसके साथ ही बार प्रांगण गाजियाबाद स्थित सभी टाइपिस्ट को आदेशित किया गया है कि कोई भी टाइपिस्ट काम नहीं करेगा। उधर सोमवार को अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते कामकाज ठप रहा। तो वहीं पुलिसकर्मी भी कचहरी में आने-जाने से बचते रहे।

दो स्थानों पर चला दिनभर धरना-प्रदर्शन

करंट क्राइम : सोमवार को बार एसोसिएशन गाजियाबाद के आवाहन पर गाजियाबाद कचहरी में हड़ताल थी। तो अधिवक्ता दो स्थानों पर धरना प्रदर्शन करते हुए नजर आए। सेल टैक्स तिराहे पर जहां बार एसोसिएशन गाजियाबाद का एक गुट दलबल के साथ मौजूद था। तो दूसरा दल बार रूम के बाहर प्रदर्शन कर रहा था। वहां बड़ी संख्या में आगरा, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, हापुड़, अलीगढ़ से वकील पहुंचे थे।

कमेटी भी पहुंची और लिए बयान

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश बार काउंसिल द्वारा नामित की गई पांच सदस्यीय कमेटी को लेकर चेयरमैन शिव किशोर गौड़ स्वयं सोमवार को गाजियाबाद पहुंच गए। बता दें कि काउंसिल की ओर से गाजियाबाद के जिला न्यायालय में वकीलों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज को बहुत गंभीरता से लेते हुए जांच कमेटी गठित की थी। कमेटी में बार काउंसिल के पांच पूर्व अध्यक्ष शामिल किए गए हैं। बार काउंसिल के अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़ की अध्यक्षता में कमेटी जीटी रोड स्थित लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में ठहरी हुई है। कमेटी ने दोनों पक्षों को बयान दर्ज कराने के लिए गेस्ट हाउस बुलाया था। बार एसोसिएशन की ओर से अधिवक्ताओं ने कमेटी के समक्ष पेश होकर बयान दर्ज कराए गए हैं, हालांकि जिला जज बयान दर्ज कराने नहीं पहुंचे। जांच कमेटी में बार काउंसिल के पांच पूर्व अध्यक्ष बार काउंसिल ने गाजियाबाद कोर्ट परिसर में हुए प्रकरण के तत्काल बाद उत्तर प्रदेश बार काउंसिल की ओर से जांच के लिए बार काउंसिल सदस्य और पूर्व अध्यक्ष रोहिताश्व अग्रवाल, प्रशांत सिंह अटल, मधुसूदन त्रिपाठी, अरुण कुमार त्रिपाठी और अजय यादव को गाजियाबाद पहुंचकर प्रकरण की जांच करने के निर्देश दिए थे। 29 अक्टूबर को हुए विवाद के बाद दिवाली की छुट्टियां पड़ गई थीं। छुट्टियों के बाद पहले वर्किंग डे पर सोमवार को कमेटी गाजियाबाद पहुंच गई और सुनवाई भी शुरू कर दी।

पूर्व व वर्तमान बार एसोसिएशन अध्यक्षों व अधिवक्ता नाहर सिंह के बयान दर्ज

करंट क्राइम : कमेटी द्वारा तलब किए जाने पर सोमवार को गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा, सचिव अमित नेहरा, पूर्व अध्यक्ष मुनीश त्यागी, सुनील दत्त त्यागी, अनिल पंडित, एल्डर कमेटी चेयरमैन राम अवतार गुप्ता, हरेंद्र गौतम, योगेंद्र कौशिक और राकेश त्यागी काकड़ा पेश हुए और अपने बयान दर्ज कराए। इसके अलावा पूर्व बार अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता नाहर सिंह यादव और उनके पुत्र अभिषेक यादव का भी बयान दर्ज किया गया। बता दें कि यह पूरा प्रकरण जिला जज अनिल कुमार और अधिवक्ता नाहर सिंह यादव के बीच हुई तीखी नोंकझोक के बाद हुआ है।

हाईकोर्ट के समक्ष अपनी बात रखेगी कमेटी

करंट क्राइम : कमेटी के चेयरमैन शिव किशोर गौड़ का कहना है कि कमेटी ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए। बार काउंसिल के चेयरमैन शिव किशोर गौड़ ने कहा कि जांच के दौरान जो तथ्य सामने आए हैं उसके अनुसार जिला जज का व्यवहार बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। वकीलों के सम्मान की लड़ाई को पूरी मजबूती से लड़ा जाएगा। वकील भी धैर्य रखें। शीघ्र हाइकोर्ट के समक्ष समिति अपनी बात रखेगी। उन्होंने कहा कि घायल अधिवक्ताओं और पुलिस अधिकारियों के भी बयान लिए जाएंगे।

बड़ी संख्या में तैनात रहा पुलिस बल

करंट क्राइम : सोमवार को अधिवक्ताओं ने हड़ताल की घोषणा की थी और कार्य बहिष्कार भी था। ऐसे में सुबह से ही पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय, जिला मुख्यालय और गाजियाबाद कोर्ट के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। खुद एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव और थाना प्रभारी योगेंद्र मलिक पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस दौरान तीन ट्रक पीएसी और आरआरएफ को भी रिजर्व में रखा गया था।

मतदान की तारीख एक सप्ताह बढ़ाई

अब 13 की जगह 20 नवंबर को वोटिंग

लखनऊ। यूपी में नौ सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए मतदान की तारीख एक सप्ताह के लिए बढ़ा दी गई है। अब 13 की जगह 20 नवंबर को मतदान होगा। इस संबंध में चुनाव आयोग ने आदेश जारी कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने जारी किए गए आदेश में कहा है कि 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा का स्नान पर्व होने की वजह से भाजपा, कांग्रेस सहित क्षेत्रीय दलों ने मतदान की तारीख बदलने की मांग की थी जिस पर यह निर्णय लिया गया है। बता दें कि यूपी में 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने थे जिनमें से एक सीट मिल्कीपुर का मामला कोर्ट में होने के कारण इस सीट पर चुनाव की तारीखों का एलान नहीं

किया गया है। शेष नौ सीटों पर अब मतदान 20 नवंबर को होगा।

बता दें कि अंबेडकरनगर की कटेहरी, प्रयागराज की फूलपुर, मुजफ्फरनगर की मीरापुर, कानपुर नगर की सीसामऊ, मैनपुरी की करहल, मुरादाबाद की कुंदरकी, गाजियाबाद, मिजार्पुर की मंझवा और अलीगढ़ की खैर विधानभा सीट पर उपचुनाव होने हैं। वहीं, प्रदेश में उपचुनाव को लेकर राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। इसे लेकर सभी दल एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नारा 'बंटेंगे तो कटेंगे' काफी चर्चा में हैं। वहीं, सपा ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि जनता का कहना है कि न बंटेंगे न कटेंगे, पीडीए संग रहेंगे। वहीं, मायावती ने कहा कि अगर बसपा के साथ रहेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित रहेंगे।

प्रदेश में कांग्रेस ने उपचुनाव में सपा का साथ देने का निर्णय लिया है। पार्टी सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। नौ सीटों पर हो रहे उपचुनाव को 2027 के विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा है।

झारखंड से चुनावी दौरे का आगाज करेंगे सीएम योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विधानसभा उपचुनाव के साथ ही झारखंड व महाराष्ट्र में भी काफी डिमांड है। सीएम योगी मंगलवार से चुनावी दौरे पर उतरेंगे। पहले दिन वे झारखंड के चुनावी दौरे पर रहेंगे। सीएम योगी की पहली जनसभा कोडरमा विधानसभा क्षेत्र की प्रत्याशी के लिए होगी। वे यहां तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। तीसरी जनसभा में सीएम योगी चार प्रत्याशियों के लिए एक साथ वोट मांगेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहली जनसभा मंगलवार को कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में होगी। यहां से भाजपा उम्मीदवार डॉ. नीरा यादव के पक्ष में सीएम योगी चंद्रावती स्कूल ग्राउंड, डोमचांच में वोट मांगेंगे। सीएम योगी की दूसरी जनसभा बरकागांव विधानसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार के लिए होगी। भाजपा ने यहां से रोशन लाल चौधरी को टिकट दिया है। सीएम योगी की तीसरी जनसभा आमबागान ग्राउंड जमशेदपुर में होगी। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जमशेदपुर पूर्वी से भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा दास साहू, जमशेदपुर पश्चिमी से प्रत्याशी सरयू रॉय, पोटका से उम्मीदवार मीरा मुंडा और जुगसलाई से उम्मीदवार रामचंद्र सहिस के पक्ष में वोट मांगकर कमल पर बटन दबाने की अपील करेंगे। झारखंड चुनाव की बात करें तो राज्य में दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान होना है। इसके बाद 23 नवंबर को नतीजों की घोषणा की जाएगी।

जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन में भूख और गरीबी के खिलाफ लड़ाई पर चर्चा

नई दिल्ली। भारत, जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी20) में शिरकत करेगा। यहां इस सम्मेलन के दौरान जी20 देशों के सांसद ह्यभूख, गरीबी और असमानता के खिलाफ लड़ाई में संसदों के योगदान पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा ह्यसतत विकास को बढ़ावा देने में संसदों की भूमिका 21वीं सदी की चुनौतियों के अनुकूल वैश्विक शासन के प्रबंधन में संसदह्न सहित कई अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर इस सम्मेलन में बहस और चर्चा की जाएगी। यह शिखर सम्मेलन 6 से 8 नवंबर तक ब्राजील के ब्रासीलिया में आयोजित होने जा रहा है। वर्तमान में भारत को जी 20 राष्ट्र समूह के एक सर्वाधिक सक्रिय सहयोगी के रूप में देखा जा रहा है। जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल में कई महत्वपूर्ण लोगों को शामिल किया गया है। राज्यसभा सचिवालय के मुताबिक ब्राजील के

ब्रासीलिया में आयोजित होने जा रहे जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश करेंगे। दसवें पी20 शिखर सम्मेलन में एक न्याययुक्त विश्व और एक धारणीय ग्रह के लिए संसद के आदर्श वाक्य के तहत बहस होगी। इसके अलावा इस सम्मेलन के दौरान विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया जाएगा। राज्यसभा सचिवालय ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि इसमें अन्य लोगों के साथ-साथ राज्यसभा सदस्य मनोज कुमार झा, राज्यसभा के महासचिव पीसी. मोदी और लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह शामिल होंगे। राज्यसभा सचिवालय का कहना है चूंकि संसदें जी20 के अधिदेश को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं, इसलिए 2018 के शिखर सम्मेलन में पी20 की स्थापना की गई थी। यह संसदों के अध्यक्षों के लिए चर्चा करने और जी-20 निर्णयों के कार्यान्वयन में संसदीय योगदान प्रदान करने के लिए संभावना तलाशने का एक मंच है। शिखर सम्मेलन में इस बार विशेष रूप से एक न्याययुक्त विश्व और एक धारणीय ग्रह के लिए संसद जैसे विषय को बहस के लिए चुना गया है। इस विषय पर संबंधित राष्ट्रों के संसदीय अध्यक्ष विश्व के समक्ष अपने विचार और सुझाव रखेंगे।

न्यूज डायरी

डिंपल यादव : 'मौजूदा सरकार नहीं चाहती बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले'

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी और समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद डिंपल यादव सोमवार को पार्टी उम्मीदवार तेज प्रताप यादव के प्रचार के लिए मैनपुरी पहुंची। यहां पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान उनके सवालों के जवाब दिए और भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। पत्रकारों ने पूछा कि चुनाव में नारों की बाहर है, इससे पहले भाजपा 'सबका साथ सबका विकास' का नारा देती थी, जबकि अब बंटोगे तो कटोगे नारे के साथ चुनावी मैदान में है। इस पर डिंपल यादव ने कहा कि कहीं न कहीं मैं समझती हूं कि यह इनकी मंशा और इनके जो विचार हैं उसको दशार्ता है। उन्होंने झूठे वादे किए। लोग पूछ रहे हैं, युवा पूछ रहे हैं कि हमारी नौकरियां कहां हैं, हमारा आरक्षण कहां हैं, किसान पूछ रहे हैं हमारी सस्ती बिजली कहां है, हमारी सुरक्षा कहां है। मैं समझती हूं कि इन्हीं सब बातों से भटकाने के लिए इस तरह के सबसे लो क्वालिटी के नारे आज भारतीय जनता पार्टी के नेता दे रहे हैं। बसपा सुप्रीमो ने कहा था कि ना सपा, ना भाजपा, बसपा से जुड़ेंगे तो सुरक्षित रहेंगे। इस पर सपा सांसद ने कहा कि मैं समझती हूं लगातार समाजवादी पार्टी अपने पीडीए की रणनीति के तहत सभी समाज और सभी वर्ग के लोगों को जोड़ने का कार्य कर रही है। मुझे खुशी इस बात की है क्योंकि अन्याय लगातार इस सरकार द्वारा बढ़ता जा रहा है। लोग कहीं ना कहीं अब इस बात को समझ रहे हैं कि यह झूठे वादों वाली सरकार है। मैं समझती हूं लोग कहीं ना कहीं अपने देश और अपने परिवार के भविष्य के लिए समाजवादी पार्टी से जुड़ने का काम करेंगे।

पत्रकारों ने पूछा, आपके रिश्तेदार जो भाजपा उम्मीदवार अनुजेश यादव हैं, उनका कहना है कि मेरे चुनाव लड़ने से सैफई का पूरा परिवार प्रचार में उतर आया है। इस पर डिंपल यादव ने कहा कि ये पूरा क्षेत्र हमारे परिवार जैसा ही है। यह विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ नकारात्मक राजनीति करने वाले लोग हैं, जो गलत तरह की बातें करते हैं और जो यह अच्छी तरह समझते हैं कि समाज में इसका क्या असर होता है, इस वजह से यह इस तरह की बातें करते हैं क्योंकि अब यह पूरी तरह से नाकाम हो गए हैं तभी इस तरह की एक फुलझड़ियां छोड़ रहे हैं। लेकिन आज लोग और युवा जागरूक हैं, आज सभी समाज जागरूक है। आप देखिएगा की नतीजा क्या आते हैं। पूरे उत्तर प्रदेश में 27 हजार से ज्यादा बेसिक स्कूल बंद किए जा रहे हैं, लेकिन प्रदेश में शराब की लगभग 876 नई दुकानें खुलेंगी। इस पर डिंपल यादव ने कहा कि लगातार समाजवादी पार्टी ने जहां कॉलेज बनाए हैं। नेता जी से लेकर अखिलेश जी से लेकर हमारी पार्टी की यही कोशिश रही है, जब सरकार आई है कि गांव गांव में स्कूल, विद्यालय, मिलिट्री स्कूल खुले। बच्चों की अच्छी शिक्षा मिले, जिससे कि वह अपना भविष्य उज्जवल कर सकें, लेकिन मौजूदा सरकार यह नहीं चाहती है कि बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त करें। यह सरकार चाहती है कि इन्हें बिना कोई कार्य किए घर बैठे वोट मिल जाए।

मायावती: चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस वादाखिलाफी...

'जुगाड़ की राजनीति' में जुट जाती भाजपा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में इन दिनों उपचुनाव का माहौल है। इसको लेकर पार्टियां एक-दूसरे पर जुबानी वार कर रही हैं। इसी कड़ी में सोमवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने भाजपा को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब करोड़ों लोग महंगाई और बेरोजगारी से परेशान हैं, भाजपा और कांग्रेस महाराष्ट्र व झारखंड चुनाव के लिए प्रचार में एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। साथ ही मुफ्त उपहारों की घोषणा करने में व्यस्त हैं।

उन्होंने कहा कि जनता के मुद्दों पर ध्यान देने की बजाय ये पार्टियां चुनाव से पहले अपने झूठे प्रचार और वादों के साथ 'नकारात्मक राजनीति' में व्यस्त हैं। एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि इन दोनों पार्टियों द्वारा जनता से किए गए वादे ईमानदारी से पूरे नहीं किए जा रहे हैं। क्योंकि, वादे केवल लोगों को गुमराह करने के लिए किए जाते हैं। सरकार बनने के बाद नेता इसे भूल जाते हैं।

गुमराह करने के लिए कोई घोषणा पत्र जारी करती हैं पार्टियां

बसपा सुप्रीमो यहीं नहीं रुकीं। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि कांग्रेस की सरकारों पर खासकर

हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में वादाखिलाफी के आरोप लग रहे हैं। यूपी सहित विभिन्न प्रदेशों में सरकार बनने के बाद भाजपा ज्वलंत मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए 'जुगाड़ की राजनीति' में लग जाती है। कहा कि बसपा चुनाव के दौरान लोगों को गुमराह करने के लिए कोई घोषणा पत्र जारी नहीं करती। बल्कि, करोड़ों गरीब, उत्पीड़ित और बेरोजगार लोगों के लिए ईमानदारी से काम करती है।

मुफ्तखोरी और वादों की घोषणा करने में व्यस्त हैं कांग्रेस-भाजपा

उन्होंने कहा कि 'आज करोड़ों लोगों का जीवन व्यापक गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई और कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, स्वच्छ पानी और कानून व्यवस्था जैसी बुनियादी आवश्यकताओं से जूझ रहा है। भाजपा और कांग्रेस की सरकारें महाराष्ट्र और झारखंड राज्य विधानसभा आम चुनावों के मद्देनजर मुफ्तखोरी और वादों की घोषणा करने में व्यस्त हैं।

आज आमजन को नौकरी की सख्त जरूरत

उन्होंने एक्स पर लिखा कि आमजन को रोजगार की सख्त जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार द्वारा प्रदान की गई नौकरियों की संख्या, अब तक सपा और भाजपा सरकारों द्वारा प्रदान किए गए संयुक्त रोजगार से अधिक है। बताते चलें कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 20 नवंबर 2024 को मतदान होगा। झारखंड विधानसभा चुनाव दो चरणों में होंगे। 13 और 20 नवंबर को मतदान होना है। मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

राष्ट्रीय बजरंग दल का विरोध प्रदर्शन, फारूक अब्दुल्ला के आतंकवादी बयान पर नाराजगी

जम्मू। जम्मू में राष्ट्रीय बजरंग दल (आरबीडी) ने सोमवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के आतंकवादियों पर दिए गए बयान के विरोध में प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय बजरंग दल (आरबीडी) ने सोमवार को जम्मू में एक विरोध मार्च आयोजित किया, जिसमें उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के हालिया बयानों के खिलाफ प्रदर्शन किया। आरबीडी ने आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की। अब्दुल्ला ने हाल ही में एक विवादित बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि आतंकवादियों को मारने के बजाय उन्हें पकड़ना चाहिए, ताकि हाल की आतंकवादी हमलों के पीछे के मास्टरमाइंड का पता लगाया जा सके। आरबीडी ने पाकिस्तान-समर्थित आतंकवादियों और स्थानीय लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। आरबीडी के अध्यक्ष राकेश कुमार के नेतृत्व में, कई सदस्य जम्मू शहर में इकट्ठा हुए और पाकिस्तान की भूमिका को आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए निंदा की। प्रदर्शनकारियों ने अब्दुल्ला का एक पुतला जलाया और उनके खिलाफ नारेबाजी की। फारूक अब्दुल्ला ने हाल ही में कहा कि आतंकवादियों को नहीं मारना चाहिए। हम उनके आतंकवाद समर्थक बयान की निंदा करते हैं। हम उनसे पूछते हैं, क्या हमें उनके लिए प्रार्थना करनी चाहिए? कुमार ने अब्दुल्ला पर उलझन पैदा करने का आरोप लगाया और कहा कि उन्हें अपने बयानों के लिए परिणाम भुगतने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि एनसी और अब्दुल्ला परिवार कश्मीर में भारत विरोधी ताकतों को बढ़ावा दे रहे हैं और कहा कि आतंकवाद अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला के कार्यकाल के दौरान अपने चरम पर था। नसी सरकार के गठन के बाद आतंकवादी घटनाओं में कई गुना वृद्धि हुई है।

सीएम आतिशी ने किया छठ घाट का निरीक्षण भाजपा को बताया पूर्वांचल विरोधी पार्टी

नई दिल्ली। आस्था के महापर्व 'छठ' की शुरूआत 5 नवंबर को नहाए-खाए के साथ होगी। चार दिन तक चलने वाले इस महापर्व से पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को छठ पूजा की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने छठ पूजा के लिए आईटीओ पर बनाए गए घाट का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री आतिशी ने महापर्व 'छठ' में बाधा डालने के लिए भाजपा की आलोचना भी की। उन्होंने कहा, छठ पूजा का पर्व हमारे पूर्वांचली भाइयों और बहनों के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। छठी मैया के साथ पूर्वांचल भाइयों बहनों के अलावा अब दिल्ली के सभी लोगों की आस्था जुड़ी हुई है।

जब से दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, उन्होंने जो सम्मान छठ के पर्व को दिया है। शायद इससे पहले कभी नहीं दिया गया। मुख्यमंत्री आतिशी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 2014 तक पूरी दिल्ली में मात्र 60 जगह पर छठ की पूजा होती थी,

जो सरकारी तौर पर आयोजित होते थे, लेकिन मुझे खुशी इस बात की है कि दिल्ली में आज एक हजार से अधिक लोकेशन पर दिल्ली सरकार की ओर से छठ घाट बनाए जा रहे हैं। दिल्ली सरकार का पूरा तंत्र छठ घाट के निर्माण में लगा हुआ है। दिल्ली जल बोर्ड की ओर से पानी का इंतजाम किया जा रहा है। मैंने आज आईटीओ के हाथी घाट पर निरीक्षण भी किया है। उन्होंने आगे कहा, छठ पर्व को लेकर हमारी ओर से सभी जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। हमारे सभी विधायक और मंत्री भी लगातार सभी छठ घाट का निरीक्षण कर रहे हैं। हम बस यही उम्मीद करते हैं कि छठी मैया का आशीर्वाद सभी दिल्ली वालों पर बना रहे। मुख्यमंत्री आतिशी ने आगे भाजपा की आलोचना करते हुए कहा, दुख की बात यह है कि भाजपा पूर्वांचल विरोधी पार्टी है। हम जानते हैं कि उनके एक पूर्व सांसद ने उन्हीं की पार्टी के पूर्वांचल विंग के अध्यक्ष को कुछ साल पहले दौड़ा-दौड़ाकर पीटा था, लेकिन उस दौरान भाजपा ने कोई कार्रवाई नहीं की। आज भाजपा का पूर्वांचल विरोधी चेहरा फिर से एक बार सबके सामने आ गया है।

ग्रेटर कैलाश में पिछले आठ साल से छठ की पूजा होती आ रही है, लेकिन भाजपा के सांसद और नेता उसे रोकने में लगे हुए हैं। मैं तो भाजपा को यही कहूंगी कि छठी मैया ना तो आम आदमी पार्टी की हैं और ना ही पूर्वांचली भाइयों-बहनों की हैं बल्कि वह सबकी हैं।

हरियाणा सरकार ने जिला ग्रीवेंस कमेटी का नोटिफिकेशन किया जारी

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने सोमवार को जिला ग्रीवेंस कमेटी के गठन के लिए महत्वपूर्ण नोटिफिकेशन जारी किया है। इस निर्णय का उद्देश्य नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं का शीघ्र समाधान करना है। नोटिफिकेशन के अनुसार, प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी गुरुग्राम जिले की ग्रीवेंस कमेटी की जिम्मेदारी संभालेंगे। उनका मुख्य लक्ष्य नागरिकों की समस्याओं को सुनना और त्वरित समाधान प्रदान करना होगा। ग्रीवेंस कमेटी में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी के अलावा कई मंत्रियों को जिम्मेदारी दी गई है। ग्रीवेंस कमेटी में कैबिनेट मंत्री अनिल विज कैथल और सिरसा जिलों में नागरिकों की समस्याओं को सुनेंगे और उनके समाधान के लिए प्रयास करेंगे। कृष्ण लाल पंवर को रोहतक और हिसार जिलों की ग्रीवेंस कमेटी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि राव नरबीर सिंह नुहं और फरीदाबाद जिले की ग्रीवेंस को संभालेंगे। कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा भिवानी और जींद में नागरिकों की शिकायतों का निवारण करेंगे। विपुल गोयल को रेवाड़ी और पंचकूला जिलों की जिम्मेदारी दी गई है। कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा महेंद्रगढ़ जिले की ग्रीवेंस में अपनी भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा, श्याम सिंह राणा चरखी दादरी और झज्जर जिलों की ग्रीवेंस कमेटी का संचालन करेंगे, जबकि रणबीर गंगवा अंबाला और करनाल जिलों की समस्याओं का समाधान करेंगे। कृष्ण बेदी यमुनानगर और पानीपत जिले की ग्रीवेंस में काम करेंगे, जबकि श्रुति चौधरी फतेहाबाद जिले की ग्रीवेंस को संभालेंगी। आरती राव पलवल जिले की ग्रीवेंस में सक्रिय रहेंगी। इसके साथ ही, राज्यमंत्री राजेश नागर कुरुक्षेत्र जिले की ग्रीवेंस को संभालेंगे, जबकि गौरव गौतम सोनीपत जिले की जिम्मेदारी लेंगे। हरियाणा सरकार की ओर से जिला ग्रीवेंस कमेटी का गठन एक महत्वपूर्ण कदम है।

गठबंधन पर संजय सिंह ने साफ किया 'आप' का रुख, बोले- बंटो नहीं, मिलकर भाजपा को हराओ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में आम आदमी पार्टी ने सोमवार को सदस्यता अभियान की शुरूआत की। इसका शुभारंभ सांसद संजय सिंह ने किया। इस मौके मौके पर उन्होंने पत्रकार वार्ता भी की। इसमें उन्होंने कहा कि आज से यूपी के सभी जिलों, कस्बों में सदस्यता अभियान की शुरूआत हुई है। एक जिले में 20 लाख सदस्य बनाए जाने का दावा किया। कहा कि हम छह माह में 50 लाख सदस्य बनाएंगे। किसी से कोई भी सदस्यता शुल्क नहीं ली जाएगी। ऑनलाइन बेवसाइट के माध्यमसे भी सदस्य बन सकेंगे। सोशल मीडिया साइट एक्स पर भी संपर्क कर सकते हैं। कहा कि जिलों में कम से

कम 10 ऐसे पदाधिकारी बनाए जाएंगे जो 10 ग्राम सभा और वार्ड कमेटी बनाएंगे। एक महीने में 100 कमेटियां बनेंगी। दो कार्यक्रम एक आंदोलन होगा। हर महीने के दूसरे शनिवार को स्थानीय, प्रदेश, ब्लॉक के मुद्दे पर बात होगी।

26 हजार स्कूल पहले किए जा चुके बंद

पहली चर्चा नौ नवंबर को होगी। इसमें यूपी के 27 हजार सकूलों को बंद करने पर चर्चा होगी। अभी तक इसमें कोई चर्चा नहीं हो रही है। यहां 26 हजार स्कूल पहले बंद किए जा चुके हैं। सरकारी स्कूलों में दलित, गरीब, कमजोर का बच्चा पढ़ता है।

बंद स्कूलों को खोला जाए- संजय सिंह

कहा कि सरकार बच्चों के भविष्य को गणाशे से काट रही है। बात 'बटेंगे, कटेंगे' की करते हैं। पहला आंदोलन पूरे यूपी में करेंगे। बंद स्कूलों को खोला जाए। दूसरा रचनात्मक कार्यक्रम गोष्ठी, सफाई, मूर्ति, पार्क की सफाई महीने के आखिरी रविवार को की जाएगी।

आरोपियों पर कार्रवाई की जगह संरक्षण दे रही सरकार

संजय सिंह ने कहा कि भाजपा ने क्या किया, उपचुनाव में इसकी कहीं चर्चा नहीं है। यूपी में नफरत का एजेंडा चलाया जा रहा है। इंडिया गठबंधन में सपा प्रत्याशी को आप का समर्थन है। मैं भी प्रचार के लिए जाऊंगा। यूपी के थानों में जो हो रहा है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। चाहे मोहित पांडेय की मौत हो, या फिर इंदल सिंह की पिटाई का मामला। कानून का राज समाप्त हो चुका है। सीएम ऐसे मामलों में कार्रवाई की जगह संरक्षण दे रहे हैं। सरकारी स्कूलों की स्थिति बदतर डीजी के बयान पर कहा कि वह झूठ बोलने में माहिर हैं। कहा कि स्कूल बंद न किए जाएं। बल्कि, जो बंद हैं उनको खोला जाए। अभिभावक बच्चे क्यों नहीं पढ़ाना चाह रहे हैं। क्योंकि स्कूल बदहाल हैं। टाट में बैठते हैं।

गोपाल शेट्टी का नामांकन वापस लेना पार्टी के प्रति निष्ठा का परिचायक : पीयूष गोयल

मुंबई। भाजपा के पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने सोमवार को घोषणा की कि वह महाराष्ट्र की बोरीवली सीट से अपना नामांकन वापस लेंगे। पार्टी से टिकट नहीं मिलने के बाद शेट्टी ने निर्दलीय नामांकन दाखिल किया था। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावडे और तमाम वरिष्ठ नेताओं ने शेट्टी के साथ बैठक की और उन्हें अपना नामांकन वापस लेने के लिए राजी किया। भाजपा महासचिव विनोद तावडे और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की मौजूदगी में गोपाल शेट्टी ने अपना नामांकन वापस ले लिया। गोपाल शेट्टी ने कहा, वरिष्ठ नेताओं के कहने पर हमने अपना नामांकन वापस लिया है। मैं जनता के लिए हमेशा खड़ा रहा और आगे भी मैं बोरीवली की जनता के लिए लड़ाई लड़ता रहूंगा। बोरीवली विधानसभा क्षेत्र के लिए उम्मीदवारों का चयन करते समय मुझसे कभी सलाह नहीं ली गई। मैं एक पार्टी कार्यकर्ता हूं और मैंने हमेशा निर्णय लेने की एक निश्चित शैली के प्रति अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, यह भाजपा ही है, जहां कार्यकर्ता अपना तन-मन-धन देकर पार्टी की सेवा करते हैं। गोपाल शेट्टी ने आज यह सिद्ध किया है। उनका चुनाव न लड़ने का निर्णय पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, जनहित के प्रति उनकी सजगता और महायुति की एकजुटता का परिचायक है। मैं इसके लिए उनका धन्यवाद करता हूं।

आगरा में वायु सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त

आगरा। आगरा में वायु सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें पायलट और को-पायलट ने कूदकर जान बचाई। फिलहाल इस घटना को लेकर वायु सेना की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। दो किलोमीटर दूर मिले पायलट बताया जा रहा है कि हादसे के बाद पायलट और उसके साथी दो किलोमीटर दूर मिले हैं। गनीमत रही कि पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए विमान को कागारौल के सोनिगा गांव के पास खाली खेतों में गिराया।

संबंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपनी पत्नी श्वेता को उसके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर दिया है भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अनैतिक कार्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

प्रार्थी
शोभित कुमार
पुत्र श्री नरेश चतुर्वेदी पता 134 सी, सूरत सिटी फफराना रोड मोदीनगर, जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश

दैनिक
करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
03 • नई दिल्ली। मंगलवार 05 नवंबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने दिया सहजता-नाराजगी दूर करने और बूथ पर डटे रहने की बात पर जोर

कहा ये चुनाव नहीं बल्कि सभी की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ लक्ष्य है

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी शहर विधानसभा क्षेत्र में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित बूथ सम्मेलन का उद्घाटन करने आए। उन्होंने दीप प्रज्जवलन कर विधिवत शुभारंभ किया और यहां प्रस्तावना बताने के लिये सबसे पहले चुनाव संयोजक पूर्व मेयर अशु वर्मा ने बूथ सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के समक्ष संगठन की रचना का ब्यौरा प्रस्तुत किया। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया ने सभी बूथ की रचना से जुड़े पदाधिकारियों का व्रत लिया। बूथ सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के साथ मंच पर खड़े होने के साथ सभी ने हाथ में प्रकाशवान खिलता हुआ कमल भारी जीत के समर्थन के संकेत में प्रदर्शित किया। सबसे खास बात ये रही कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने अपने संबोधन में नाराजगी दूर करने की बात की, सहजता से मिलने की बात कही और चुनाव को प्रतिष्ठा से जुड़ा लक्ष्य बताया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सभी कार्यकताओं को बूथ पर डटे रहना है। नाराज लोगों की नाराजगी हर हाल में दूर करनी है।

उन्होंने कहा कि हमारे लिये ये चुनाव केवल चुनाव ही नहीं है सभी की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ लक्ष्य है। हमें सहजता के साथ लोगों से मिलना है। जीत आपकी झोली में है। संजीव शर्मा ने अपने संबोधन में सभी देवतुल्य कार्यकताओं की भारी उपस्थिति से भावविभोर होने की बात कही। उन्होंने कहा सभी कार्यकताओं ने मेरे साथ जिस ऊर्जा से संगठन के लिए ऐतिहासिक काम किया है उसी प्रकार से इस उपचुनाव में भी सभी मिलकर एक नया इतिहास बनाएंगे।

ये चेहरे रहे बूथ सम्मेलन में प्रमुखता से मौजूद

करंट क्राइम। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी के साथ मंचासिन क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया, भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, क्षेत्रीय प्रभारी सुभाष यदुवंश, प्रदेश मंत्री वसंत त्यागी, योगी सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप एवं मंत्री कपिल अग्रवाल, चुनाव प्रभारी हिमांशु मित्तल, पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी,सांसद रमेश चंद्र तोमर, पूर्व राज्य सभा सांसद अनिल अग्रवाल, पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही, महापौर सुनीता दयाल, पूर्व महापौर आशा शर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल, पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री अशोक मोंगा, बलदेव राज शर्मा, जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान, सरदार एसपी सिंह, अमर दत्त शर्मा, महेश अग्रवाल, अनिल स्वामी, चुनाव सह संयोजक राजीव शर्मा एवं सुनील यादव, हातम सिंह नागर, पवन गोयल, विजय मोहन, अशोक संत, राजीव त्यागी, डॉक्टर वीरेश्वर त्यागी, अमित कल्याणी, सरदार बलप्रीत सिंह, महामंत्री गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम, राजेश त्यागी, बॉबी त्यागी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी आदि मौजूद रहे। महिला मोर्चा अध्यक्ष उदिता त्यागी ने सभी महिला कार्यकताओं के साथ बूथ सम्मेलन में आए कार्यकताओं का प्रवेशिका और स्वागत का कार्य किया।

भगवा चुनावी दफ्तर पर भले ही दिखे जनरल के फोटो को लेकर मजबूरियां

मगर पुरबिया संस्था ने नहीं दिखाई छठ पूजा पर जनरल से कोई दूरियां

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वैसे तो ये राजनीति का दस्तूर होता है जो सामने होता है उसे याद रखते हैं और उसे भूल जाते हैं जो दूर होता है। राजनीति में ये आम बात है और इसे सियासत का तकाजा भी कहते हैं। यहां कुछ महीने पहले वक्ता बदला और फिर बहुत कुछ बदल गया। जो चेहरा पहले मंडल से लेकर लोकसभा के होर्डिंग में दिखाई देता था अब वो चेहरा गायब हो गया है।

भाजपा का चुनावी दफ्तर खुला और चुनावी दफ्तर से भी जनरली ये चेहरा गायब है। ये बदलते वक्ता का तकाजा है और ये भी हो सकता है कि ये पार्टी का नया फॉर्मेट हो क्योंकि कई बार पूर्व के स्थान पर वर्तमान को प्रोटोकॉल में रखा जाता है। लेकिन भाजपा वाले भी ये मानते हैं कि पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह गाजियाबाद में कई भगवा होर्डिंग्स से गायब हैं और उपचुनाव में भी अभी तक उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करने के लिये वो नहीं आए हैं।

हालांकि वो दीवाली के मौके पर दो बार अपने राजनगर स्थित आवास पर आए हैं। भले ही वो फ्रेम से आउट हैं लेकिन पुरबिया जनकल्याण परिषद का उनके प्रति प्रेम बरकरार है। ना तो वो पार्टी के फॉर्मेट पर चले हैं और ना

ही उन्होंने जनरल वीके सिंह को फॉरगेट किया है। पुरबिया संस्था ने ये दिखाया है कि भगवा सियासत अपनी बात अपने आप जाने, फूल वाले अपने रूल आप जाने लेकिन हम जनरल वीके सिंह को नहीं भूले हैं। वो हर साल छठ पूजा पर उन्हें आमंत्रित करते हैं और इस साल भी जनरल को उन्होंने चीफ गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया है।

सात नवंबर को जनरल बरसाएंगे हैलीकॉप्टर से फूल

करंट क्राइम। सात नवंबर को जनरल वीके सिंह छठ महोत्सव में भाग लेने के लिए आएंगे। वो सात नवंबर को सभी घाटों पर हैलीकॉप्टर पर पुष्प वर्षा करेंगे। व्रतधारियों, श्रद्धालुओं और छठ माता का सम्मान करेंगे। पांच नवंबर से आठ नवंबर तक महापर्व का कार्यक्रम चलेगा।

हिंडन नदी की पूजा के साथ शुरू हुई तैयारियां

करंट क्राइम। पुरबिया जनकल्याण परिषद ने सोमवार को हिंडन नदी की मंत्रोच्चारण द्वारा पूजा के साथ विधिवत शुरूआत की। नारियल तोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। हिंडन नदी मोहननगर वाली साइड पर महापर्व छठ पूजा कारसेवा अभियान का कार्यक्रम रखा गया। घाटों की सफाई शुरू की गई। सभी छठ घाटों के कारसेवक मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि छठ से पहले सभी कार्य पूरे कर लिये जाएंगे। समय से हिंडन नदी में पर्याप्त जल छोड़ने के लिये प्रशासन प्रयासरत है। इस अवसर पर रीता सिंह, अशोक श्रीवास्तव, राकेश तिवारी, साधूराम, विनोद अकेला, मनोज कुमार, तिलकराम पांडे, राम प्यारे यादव, कंचन तिवारी, सुभाष सिंह, राजदेव यादव मुख्य रूप से माजूद रहे।

एलिवेटेड रोड पर बारातियों ने स्टंट करते हुए लगाया था जाम, पुलिस ने कराया फिर हवालात में इंतजाम

गाजियाबाद, करंट क्राइम। एलिवेटेड रोड पर एक बारात जा रही थी और बारात में शामिल लोग जोश में थे और वह रील की खुमारी में रोड जाम कर बैठे। सोशल मीडिया पर जब यह वीडियो वायरल हुआ तो इंदिरापुरम पुलिस हरकत में आई और आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करते हुए हालात के दर्शन करवा दिए गए। पकड़े गए पांचों युवक नई उम्र के हैं। जो एक बारात में जा रहे थे, साथ ही पुलिस ने पांच गाड़ियां भी जप्त की हैं। जिसमें थार जीप, स्विफ्ट व अन्य गाड़ियां शामिल हैं। बताया जा रहा है पकड़े गए सभी आरोपी खोड़ा, लोनी, दिल्ली व गाजियाबाद के रहने वाले हैं।

पांच वाहन भी किए गए सीज

पांच को किया गया गिरफ्तार

करंट क्राइम। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह ने जानकारी दी है कि पुलिस ने आसिफ, वसीम निवासी खोड़ा, अनुज गौतमबुद्धनगर, नईम लोनी और मोहम्मद कैफ दिल्ली मौजपुर को गिरफ्तार किया है। सभी नई उम्र के लड़के हैं। इन्होंने अपनी गाड़ी को मॉडिफाई कराया हुआ था। साथ ही सभी रोड जाम करते हुए स्टंट करने के साथ हंगामा कर रहे थे। पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पहुंचना था बारात में पहुंच गए हवालात में

करंट क्राइम। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए सभी आरोपी एक शादी समारोह मे शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान स्टंटबाजी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर एलिवेटेड रोड जाम का वायरल हुआ। जिसके बाद पुलिस ने सभी को गिरफ्तार करते हुए हवालात पहुंचने का काम किया है।

चलो घर चलके कुछ अपने काम निपटा लें

आ अब लौट चलें... : आगामी त्यौहारों को देखते हुए निर्वाचन आयोग ने 13 नवंबर के चुनावों की तारीख को आगे खिसका दिया। अब पोलिंग 20 नवंबर को होगी। अचानक इतना गेप मिलने से शहर सीट के सभी उम्मीदवार अपने घर की ओर निकल गए हैं। सब अपने-अपने जरूरी काम निपटाएंगे। बढ़ी हुई चुनावी तारीखों ने चुनाव की गर्मी को फिलहाल ठंडा कर दिया है।

चुनावी तारीख बढ़ने के बाद बड़ी चुनौती है कायम रखना चुनावी जज्बा

करना है मैनेज क्योंकि इलेक्शन खिसक गया है आगे पूरा एक हफ्ता

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। हर चीज का एक समय होता है, हर चीज का एक जज्बा होता है और हर चीज की टाइम वैल्यू होती है। सियासत में भी ये समय का अपना कैलकुलेशन होता है और उसी के हिसाब से पूरा कार्यक्रम रखा जाता है। चुनावी थीम को लेकर सारे सियासी दलों की टीम आगे बढ़ रही थी। 13 को मतदान है और उसी हिसाब से चुनावी कार्यक्रमों का घमासान चल रहा था, लेकिन अचानक से एक फरमान आया और चुनाव को आगे बढ़ा दिया गया। ये बढ़ी चुनावी तारीखें सभी सियासी दलों के उम्मीदवारों के लिये बड़ी चुनौती बनेंगे। कार्यकर्ताओ में वो जोश कायम रखना एक बड़ी चुनौती रहेगा। सब जानते हैं कि चुनाव का एक माहौल होता है और कार्यकर्ता उसी माहौल में ढलते हैं। चुनावी माहौल में फेस्टिवल सीजन आ गया। अब रीजन कुछ भी हो लेकिन चुनावी तैयारियों के रथ पर ब्रेक लगे।

लगभग चार दिन तक सभी त्योहार में व्यस्त रहें और भाईदूज के बाद जैसे ही ये तैयारियां आगे बढ़ी वैसे ही चुनाव की तारीख आगे बढ़ गई। ये तारीख पूरे सात दिन बढ़ी है और अब बड़ी चुनौती ये है कि कार्यकर्ताओं के बीच ये चुनाव का जज्बा कायम रहे क्योंकि चुनाव एक दिन, दो दिन, तीन दिन नहीं बल्कि पूरे एक हफ्ता आगे बढ़ गया है।

अब जोश के इस दरिया को संभालकर रखना एक बड़ी चुनौती होगी। क्योंकि नीयत तारीख से आगे चुनाव बढ़ गए तो फिर हर दिन माहौल बदलता है। जोश के साथ सब लगे हुए थे और बूथ, बस्ते, जनसभा, मुलाकात सब कुछ बढ़ रहा था, लेकिन अब कुछ ऐसा हो गया कि तारीख आगे बढ़ गई। चुनावी तारीख खिसकने से सभी सियासी दलों का कार्यक्रम चेंज हुआ है। त्यौहार के बाद उम्मीदवार भी उम्मीदों के साथ आए थे, लेकिन अचानक एक्सपेंड हुई डेट ने पूरा माहौल ही कूल कर दिया है। चुनाव वहीं पर आकर खड़ा हो गया है जहां पहले से शुरू हुआ था अब उस जोश को बांध रखना सबसे कठिन काम है।

प्रोग्राम हो गया था फिक्स अब उठाना होगा बड़ा रिस्क

करंट क्राइम। बड़े चेहरे सभी दल बुलाते हैं और भाजपा से लेकर गठबंधन ने यही किया। सबने अपने-अपने बड़े चेहरों का प्रोग्राम 13 नवंबर के हिसाब से फिक्स कर लिया था मगर अब जब चुनाव आगे बढ़ गया है और नया कार्यक्रम नहीं मिला है तो ऐसे में सियासी दलों को रिस्क उठाना ही होगा। भाजपा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम ले लिया था।

अब चुनाव की डेट बढ़ गई तो इतनी जल्दी कार्यक्रम का लाभ नहीं मिलेगा। बड़ा सवाल ये है कि मुख्यमंत्री का शेड्यूल बेहद बिजी होता और दोबारा अन्य तिथि में ये प्रोग्राम नहीं मिलेगा। मुख्यमंत्री का रोड शो होना था और अगर वो चुनाव से कई दिन पहले हो गया तो फिर इसका वो सियासी लाभ नहीं मिलेगा। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम आठ नवंबर को होना था।

अब चुनाव की तिथि आगे बढ़ गई अब ऐसे में रोड शो के लिये समय लेना होगा। सपा मुखिया अखिलेश यादव का भी प्रोग्राम विजयनगर में होना था वो भी अब ये ट्राई करेंगे कि 15 नवंबर के बाद का रोड शो किया जाये। अब ऐसे में सभी सियासी दलों के सामने अपने पूरे चुनावी कैलेंडर को बदलने की नौबत आ गई है और बड़ा रिस्क ये है कि कार्यक्रम पहले से फिक्स है और अगला कार्यक्रम कब मिलेगा ये फिक्स नहीं।

संपादकीय

जलवायु परिवर्तन एवं मलेरिया

धरती के तापमान में बढ़ोतरी तथा जलवायु परिवर्तन से प्राकृतिक आपदाओं की त्वरा के साथ-साथ स्वास्थ्य से संबंधित जोखिम भी बढ़ रहे हैं. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि मलेरिया की रोकथाम के लिए हो रहे प्रयासों के लिए जलवायु परिवर्तन एक खतरा बनता जा रहा है. भारत समेत दुनिया के अधिकतर देशों में मलेरिया एक बड़ी चुनौती है. वातावरण का तापमान और उमस बढ़ने तथा अनियमित बरसात या अतिवृष्टि आदि से मलेरिया का कारण बनने वाले मच्छरों के व्यवहार और वृद्धि पर असर पड़ रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार, अपेक्षाकृत अधिक गर्मी मच्छर के भीतर मलेरिया परजीवी के विकास तथा संचरण की संभावना को बढ़ा सकती है. अनियमित बारिश और नमी से मच्छरों को पैदा होने के अनुकूल वातावरण मिल सकते हैं तथा उन्हें प्रजनन के लिए जगह मिल सकती है।

ऐसी स्थिति में मलेरिया के मामले बढ़ने की आशंका बढ़ जायेगी. एक चिंताजनक पहलू यह भी है कि जलवायु परिवर्तन से जहां कई स्थानों पर मलेरिया के मामले बढ़ सकते हैं, वहीं दूसरी ओर ऐसी जगहों पर यह बीमारी वापस भी आ सकती है, जहां से इसका उन्मूलन हो चुका है।

इससे स्वास्थ्य सेवा पर बोझ बहुत बढ़ सकता है और मलेरिया की रोकथाम के लिए अब तक हुए प्रयास एवं उपलब्धियों का मतलब नहीं रह जायेगा. भारत के लिए यह बड़ी चुनौती है. देश की लगभग 95 प्रतिशत आबादी मलेरिया-प्रभावित क्षेत्रों में वास करती है। हमारे यहां 80 प्रतिशत मामले उन जगहों से आते हैं, जहां जनसंख्या का 20 प्रतिशत हिस्सा रहता है. ये जगहें आदिवासी, पहाड़ी, दुर्गम और दूर-दराज के क्षेत्र हैं. विश्व स्वास्थ्य संगठन की 2021 की रिपोर्ट के अनुसार, 2020 में दुनिया के 96 प्रतिशत मलेरिया के मामले केवल 29 देशों में दर्ज किये गये थे. भारत में 1.7 प्रतिशत मामले थे और मौतों में 1.2 प्रतिशत का हिस्सा था।

अगर दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र को देखें, अनुमानित मामलों में 83 प्रतिशत तथा मौतों में 82 प्रतिशत की हिस्सेदारी भारत की थी. दर्ज मामलों में इस क्षेत्र में भारत का हिस्सा 36.4 प्रतिशत था. अनुमानित और दर्ज मामलों के आंकड़ों में इस अंतर का कारण कोरोना महामारी से उत्पन्न स्थितियां हैं, फिर भी कोशिश की जानी चाहिए कि हर मामला दर्ज किया जाए। निश्चित रूप से दो दशक से मलेरिया की रोकथाम में उल्लेखनीय सफलता मिली है, फिर भी यह गंभीर स्वास्थ्य समस्या है. जलवायु परिवर्तन इसे खतरनाक दिशा मुहैया करा सकता है. हमें इस पर भी ध्यान देना चाहिए कि मलेरिया की जांच और उपचार की सुविधाओं का विस्तार हो. बहुत सी मौतें समय पर जांच नहीं होने और उपचार न मिलने के कारण होती हैं।

हिंडन एक स्वच्छ नदी की ओर सामूहिक प्रयास आवश्यक

सत्येन्द्र सिंह (पर्यावरणविद)
सदस्य–गंगा संरक्षण समिति

गाजियाबाद, करंट क्राइम। हिंडन नदी, जो गाजियाबाद समेत कई जिलों से होकर बहती है, आज गंभीर प्रदूषण का सामना कर रही है। नदियों का संरक्षण न केवल पर्यावरणीय आवश्यकता है बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक उत्तरदायित्व भी है। गंगा और उसकी सहायक नदियों के पुनरुद्धार के लिए 2015 में भारत सरकार ने 'नमामि गंगे' कार्यक्रम की शुरुआत की, जिसमें प्रमुख सहायक नदियों जैसे हिंडन को स्वच्छ और संरक्षित करने की जिम्मेदारी भी शामिल है। गाजियाबाद में उत्थान समिति द्वारा आयोजित हिंडन महोत्सव इसी उद्देश्य से हर वर्ष आयोजित किया जाता है। इस महोत्सव में बच्चों, युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को जागरूक करने के लिए पेंटिंग प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, और स्वच्छता अभियान जैसे विभिन्न कार्यक्रम शामिल हैं।

उत्थान समिति की भूमिका और प्रयास

उत्थान समिति ने हिंडन नदी के संरक्षण के लिए कई कदम उठाए हैं ताकि लोगों में जागरूकता फैलाई जा सके और स्वच्छता का महत्व बताया जा सके। समिति की गतिविधियां इस प्रकार हैं :

1. **जागरूकता अभियान:** समिति ने हिंडन महोत्सव के माध्यम से स्थानीय स्कूलों में जाकर जागरूकता फैलाने का कार्य किया है। छात्रों को नदी की मौजूदा स्थिति और इसे प्रदूषण मुक्त बनाने के महत्व के बारे में बताया जाता है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों के माध्यम से उनके परिवारों और समुदाय में भी यह संदेश पहुंचाना है।
2. **पेंटिंग प्रतियोगिताएं:** महोत्सव में बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जहां वे अपनी रचनात्मकता से नदी संरक्षण का संदेश देते हैं। ये प्रतियोगिताएं न केवल बच्चों में जागरूकता फैलाने में मददगार हैं, बल्कि उनके चित्रों के माध्यम से समाज को भी एक सकारात्मक संदेश मिलता है।
3. **सांस्कृतिक कार्यक्रम:** बच्चों और स्थानीय कलाकारों के नाटक, गीत, नृत्य और कविताओं के माध्यम से नदी संरक्षण का संदेश दिया जाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम आम जनता को मनोरंजक तरीके से जोड़ने और संदेश को गहराई तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम है।

प्रदूषण नियंत्रण के अन्य उपाय

हिंडन नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए अन्य उपायों में कारखानों के दूषित जल का प्रवाह रोकना, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और वृक्षारोपण शामिल हैं।

1. **कारखानों का दूषित जल:** हिंडन में प्रदूषण का एक बड़ा कारण कारखानों का दूषित जल है। इसके लिए सरकार और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सख्त नियम लागू करने चाहिए और सभी कारखानों को जल शोधन संयंत्र स्थापित करने के निर्देश देने चाहिए। इस पानी के शोधन और प्रबंधन के लिए प्रभावी कदम उठाना जरूरी है, ताकि नदी में बिना शोधन के कोई भी दूषित जल न जाए।
2. **रेन वाटर हार्वेस्टिंग:** वर्षा जल संचयन से भूजल स्तर में सुधार होता है और पानी की उपलब्धता बढ़ती है। लोगों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग की प्रणाली स्थापित करने के लिए प्रेरित करना चाहिए, ताकि वे जल संरक्षण में योगदान दे सकें।
3. **वृक्षारोपण:** हिंडन के किनारों पर वृक्षारोपण से मिट्टी का कटाव रुकता है और प्रदूषण का प्रभाव भी कम होता है। पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और वातावरण को शुद्ध करते हैं। इस उद्देश्य के लिए वृक्षारोपण अभियान चलाना और स्कूलों एवं गैर-सरकारी संगठनों को इसमें शामिल करना आवश्यक है।

जन जागरूकता कैसे बढ़ाई जा सकती है?

हिंडन को प्रदूषण मुक्त करने के लिए जन जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। इसके लिए कई तरीके अपनाए जा सकते हैं :

1. **सोशल मीडिया अभियान:** सोशल मीडिया के जरिए व्यापक जनसमूह तक पहुंचा जा सकता है। हिंडन की स्थिति, उसके संरक्षण के उपायों और समाज के योगदान पर आधारित वीडियो, ग्राफिक्स और पोस्ट साझा किए जा सकते हैं।
2. **सामाजिक आयोजन:** स्थानीय मेलों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और कार्यशालाओं के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा सकता है। ऐसे कार्यक्रमों में लोगों को हिंडन की समस्या से अवगत कराया जा सकता है और वे भी इस मिशन का हिस्सा बन सकते हैं।
3. **स्वयंसेवकों का योगदान:** स्थानीय समाज के हर वर्ग से स्वयंसेवकों की टीम बनाकर, वे विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरूक कर सकते हैं। नुक्कड़ नाटक, पोस्टर वितरण और वर्कशॉप के माध्यम से भी लोग जागरूक हो सकते हैं।

'नमामि गंगे' और सरकारी योजनाएं

गंगा और उसकी सहायक नदियों के प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कई पहल की गई हैं, जिसमें नमामि गंगे मिशन का विशेष योगदान है। प्रदूषण नियंत्रण और घाटों का विकास, ग्रामीण स्वच्छता, वनस्पतियों और जीवों का संरक्षण, और मानव संसाधन प्रबंधन जैसे पहलुओं पर भी कार्य किए जा रहे हैं । इस मिशन के तहत, तकनीकी सहयोग, वित्तीय प्रबंधन, और अंतरराज्यीय सहयोग पर जोर दिया जा रहा है ताकि नदियों को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाया जा सके।

थर्ड पार्टी सोशल ऑडिट की अनिवार्यता

हिंडन नदी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए चल रहे कार्यों की गुणवत्ता और प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी सोशल ऑडिट आवश्यक है। यह ऑडिट न केवल गतिविधियों की निगरानी करता है बल्कि सभी कार्यों की पारदर्शिता और प्रभावशीलता को भी बढ़ाता है। सोशल ऑडिट से समाज को इस परियोजना की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिलती है और इसे सफलता के करीब लाने के लिए जरूरी सुधार किए जा सकते हैं।

निष्कर्ष : हिंडन को प्रदूषण मुक्त बनाना एक सामूहिक प्रयास की मांग करता है। सरकार, समाज, गैर-सरकारी संगठन, और हर व्यक्ति का योगदान इस दिशा में महत्वपूर्ण है। उत्थान समिति ने इस प्रयास में एक अहम भूमिका निभाई है, परंतु इसे व्यापक बनाने के लिए इसे समाज के हर वर्ग में फैलाना आवश्यक है। एक स्वच्छ और स्वस्थ हिंडन न केवल पर्यावरण की दृष्टि से, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी आवश्यक है।

राशिफल

मेष: प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें।

वृष: संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें।

मिथुन: जीवनसाथी का कार्यों में सहयोग मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। अनुकूल समाचार आएंगे। मनोरंजन के अवसर उपलब्ध होंगे।

कर्क: क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दु:खद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें।

सिंह: मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा।

कन्या: मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें।

तुला: यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी।

वृश्चिक: वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें।

धनु: नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी।

मकर: नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा।

कुंभ: कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें।



मीन: वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है।

चुटकुले

किसी आदमी ने अपने एक मित्र को दावत दी, सारा खाना वही खा गया। घर वाले भूखे रह गए। पांच साल का बबलू तो भूख के मारे रो पड़ा।
उसकी मां ने कहा- बेटा मेहमान को जाने दो, सारे मिलकर रोएंगे, तुम अकेले क्यों रोते हो?

पत्नी (रसोई से निकलते हुए)- सुनिए, आजकल मैं बहुत खूबसूरत होती जा रही हूं।
पति - तुमने कैसे जाना?
पत्नी - देखो न , आजकल मेरी सुंदरता को देखकर रोटियां भी जलने लगी है।

रोचक तथ्यों का करंट

- क्या आप जानते हैं ? जब शेर बाघों से ब्रीड करते हैं, तो उसके परिणामस्वरूप हाइब्रिड को लाइगर और टाइगन कहा जाता है। यहां शेर और तेंदुए के हाइब्रिड भी हैं, जिन्हें लेपन्स के रूप में जाना जाता है और शेर और जगुआर हाइब्रिड, जिन्हें जेगलंस कहा जाता है।
- अफ्रीकी शेर बड़े जानवरों को खाते हैं जो की घास के मैदानों में पाए जाते हैं, जिनमें हिरन, जेबरा और अजीब तरह के प्राणी शामिल है।
- आपको जानकर हैरानी होगी की साल 2002 में, संरक्षणवादी लोगों के आश्चर्य की बात है, एक शेरनी एक हिरन के बच्चे को गोद लेती है और उसे बचाती है! हालांकि, दो हफ्ते बाद, एक नर शेर ने बच्चे को खा डाला, जब शेरनी सोयी हुई थी। आश्चर्य की बात यह है की शेरनी को बहुत ही दु:ख के साथ घूमते देखा गया था और वह क्रोध में दहाड़ते हुए घूमते देखी जा सकती थी।
- क्या आप जानते हैं ? बड़े भोजन के बाद, एक नर शेर 24 घंटे तक सो सकते हैं।
- केवल 8 में से 1 पुरुष शेर वयस्कता होने तक जीवित रहते हैं। अधिकांश शेर लगभग 2 वर्ष की आयु के आसपास उनके झुण्ड से बाहर निकाल दिए जाने के तुरंत बाद मर जाते हैं!

SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व पार्षद मधु सिंह को उनके जन्मदिन पर राजकुमार सिंह ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ और लंबी आयु की कामना की। परमपिता परमेश्वर से मधु सिंह के खुशहाल जीवन की स्पेशल कामना की।

वस्तुओं पर भारत का उपभोक्ता खर्च अगले पांच वर्षों में 7 प्रतिशत बढ़ जाएगा : रिपोर्ट

नई दिल्ली। वस्तुओं पर भारत का उपभोक्ता खर्च तेजी से बढ़ रहा है। एक नई रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष उपभोक्ता वस्तुओं पर खर्च 1.29 ट्रिलियन डॉलर होगा और अगले पांच वर्षों में इसके 7.0 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है। इलेक्ट्रॉनिक्स में भारत का विस्तार अब तक असेंबली-टू-कंपोनेंट रणनीति के साथ होता आ रहा है। इसमें स्मार्टफोन और नेटवर्क से जुड़े दूसरे उपकरणों के निर्माण में निवेश आकर्षित करने के लिए टैरिफ और उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहनों का उपयोग किया जाता है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस के नवीनतम पूवार्नुमान के अनुसार, भारतीय बाजार में बिक्री के बढ़ते अवसरों ने इन मार्केट फोर मार्केट के साथ देश में विनिर्माण में निवेश को सही ठहराने में मदद की है।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम पर जमकर शेयर की भाई-बहन ने भाई दूज की बधाइयां

परिवार के साथ मोहित कौशिक

भाई अजय ग्रोवर बहन अंजलि ग्रोवर

भाई आरव त्यागी बहन अविका त्यागी

परिवार के साथ अनिल

बहन के साथ देवाशीष दत्त

दीपक, संध्या और खुशबू

गिरिजा ढींगरा और मुकुंद ढींगरा

ध्रुव, पलक और संभव

डॉ. जयश्री सिन्हा और भाई उमेश प्रसाद

ईशिका कौशिक भाई आरव कौशिक

ज्योति और सोनल

ज्योति और ध्रुविका

कमल और बहन बीना

कपिल पंडित

महिमा और टुकटुक

मायरा और आरव

शिवम सिंह एवं विशाल सिंह

शैली, आशू, दृष्टि, नाव्या, अश्विक

संजय चौहान

सलोनी और टुकटुक

रिशांत और पूजा

राधिका चौहान और प्रदीप चौहान

रीता चौहान और उपेंद्र सिसौदिया

राधा और प्रवीण बत्रा

पुरुषोत्तम चौहान और रिया चौहान

निधि विश्वकर्मा

बहन के साथ नीरज त्यागी

नेहा त्यागी, अनुज त्यागी,ईशा

नक्श और कीर्ति

प्रवीण शर्मा बहन अनीता शर्मा

मायरा और भाई अयान

मायरा और भाई शौर्य

अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें और पहले मतदान और फिर जलपान का प्रण लें : संजीव शर्मा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजीव शर्मा ने सोमवार को अनेक कार्यक्रम में रहकर जनता से रूबरू हुए एवं 20 तारीख को होने वाले चुनाव के लिए जो कि पहले 13 तारीख था कार्यकर्ताओं को संबोधित किया एवं जागरूक किया कि अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें और यह प्रण लें कि पहले मतदान और फिर जलपान करें और अपने सभी परिचितों का भी भारी संख्या में मतदान कराएं। इस विषय में पहला कार्यक्रम प्रमोद कुमार की चक्की प्रताप विहार कार्यक्रम संयोजक मांगेराम कसाना द्वारा किया गया। दूसरा कार्यक्रम सैनिक गेट पर पार्षद राजीव शर्मा के आवास पर ऑटो व्यापार मंडलों के अध्यक्ष द्वारा प्रत्याशी को सहयोग देकर किया गया। तीसरा कार्यक्रम नयागंज मंदिर के सामने राजेश शर्मा के यहां जिसमें गंज के सभी व्यापारियों ने प्रत्याशी को पूर्ण मतदान करने का आश्वासन दिया।

चौथा कार्यक्रम गांधीनगर में दिनेश गौड़ के यहां हुआ जिसमें भारी संख्या में क्षेत्र वासियों ने विधानसभा प्रत्याशी का स्वागत कर अपना समर्थन दिया। पांचवां कार्यक्रम हर शरण दास इंटर कॉलेज विजयनगर में कार्यक्रम संयोजक गोविंद सिंह जाटव एवं मुकेश शर्मा के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें काफी बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने प्रत्याशी का स्वागत कर अपना समर्थन दिया। छठा कार्यक्रम प्रताप विहार में कमाओ रामलीला पार्क में प्रत्यय बिहार में आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम संयोजक हिमांशु शर्मा, जगत सिंह एवं ओम प्रकाश सिंह रहे इसमें पूर्वांचल के लोगों ने बड़ी संख्या में संजीव शर्मा को अपना समर्थन देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। सातवां कार्यक्रम आरएलडी की ओर से विजय कौशिक ने अपने समस्त साथियों के साथ विधानसभा प्रत्याशी को अपना समर्थन देते हुए आश्वस्त किया कि वह आरएलडी की ओर से पूर्ण रूप से अपना सहयोग प्रदान करेंगे एवं अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का संपूर्ण प्रयास करेंगे। आठवां कार्यक्रम पटेल नगर में पूर्व पायलट राकेश त्यागी के द्वारा शहर मंडल में किया गया जिसमें क्षेत्रवासियों ने प्रत्याशी को अपना संपूर्ण समर्थन दिया एवं आशीर्वाद प्रदान किया। उसके उपरांत बूथ सम्मेलनों की बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर मान्य भूपेंद्र चौधरी प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश भाजपा ने गांधीनगर मंडल में एक बहुत बड़ा सम्मेलन किया जिसमें बड़ी संख्या में शहर विधानसभा के सभी बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक, सेक्टर प्रभारी, मंडल संयोजक, मंडल प्रभारी सभी लोग उपस्थित रहे एवं गाजियाबाद के समस्त जनप्रतिनिधि इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

घर में घुसकर महिला पर कैंची से हमला

पैसे के लेनदेन को लेकर हुआ विवाद, आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

नोएडा करंट क्राइम। नोएडा के थाना सेक्टर 49 क्षेत्र में एक युवक ने घर में घुसकर महिला पर कैंची से हमला कर दिया। घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि महिला का युवक से पैसों को लेकर के विवाद था। नोएडा के थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के बरौला में अनीता नाम की महिला रहती हैं। यहां युवक ने उन पर कैंची हमला कर दिया। महिला की शिकायत पर आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपी का नाम महेंद्र है। पुलिस द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि महिला अनीता और महेंद्र के बीच पैसे को लेकर के विवाद था। महेंद्र अपने पैसे मांगने आया और इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। उसी में गुस्से में आकर महेंद्र ने पास में रखी हुई कैंची से महिला पर हमला कर दिया और फिर फरार हो गया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसको न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

पड़ोसी को भयभीत करने के लिए तीन फायर करने वाला आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

लोनी, करंट क्राइम। टीला मोड़ थाना पुलिस ने जावली गांव में 1 नवंबर को तमंचे से हवाई फायर करने वाला आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि जावली गांव में 1 सितंबर को सन्नी पुत्र सतीश कुमार ने टीला मोड थाने में रविंदर उर्फ लीलू पुत्र विजयपाल के विरुद्ध अवैध तमंचे से उसके घर के सामने तीन फायर करने के आरोप में टीला मोड़ थाने में लीलू के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी । पुलिस रविंदर की तलाश में थी कि सोमवार को मुखबिर ने सूचना दी कि आरोपी रविंद्र अपने घर पर ही है। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में रविंद्र उर्फ. लीलू ने बताया कि सन्नी के चाचा संजय से घरेलू मतभेद थे इस कारण से गुस्से में आकर संजय को भयभीत करने के लिए तमंचे से तीन फायर किए थे। पुलिस ने लीलू से तमंचा दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं रविंदर के खिलाफ टीला मोड़ थाने में और भी मुकदमे दर्ज हैं पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेज दिया।

न्यूज डायरी

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

लोनी, करंट क्राइम। पुलिस ने किशोरी को बहला-फुलाकर भगा ले जाने तथा उसके साथ दुष्कर्म के अरोपी कर जेल भेजा है। एसीपी सूर्यबली मोर्या ने बताया कि सात जुलाई को लोनी थाने की एक कॉलोनी में रहने वाली एक महिला ने इमरान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह उसकी नाबालिक बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर आरोपी इमरान को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने बताया कि उसकी किशोरी के साथ दोस्ती थी। दोनों मिलते रहते थे।

शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

लोनी, करंट क्राइम। पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की नौ बाइक, पांच बाइक चेसिस,पाट्स और चाबी आदि बरामद हुए हैं। दोनों बदमाश दिल्ली एनसीआर में सक्रिय थे तथा बाइक चोरी कर उनके पाट्स बेच देते थे। एसीपी सूर्यबली मोर्या ने बताया कि सोमवार को मुखबिर की सूचना पर ट्रॉनिका सिटी पुलिस ने दो शातिर अंतर्राज्यीय वाहन चोर अमन उर्फ अरमान तथा इरफान को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में अपने आपको वाहन चोर बताया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की नौ बाइक, पांच बाइक चेसिस,बाइकों के पार्टस और चाबी आदि बरामद हुए हैं।

ससुरालियों ने विवाहिता के साथ मारपीट की

लोनी, करंट क्राइम। ससुरालियों से विवाद के चलते बहन के घर रह रही विवाहिता ससुराल पहुंची तो उसके कमरे पर ताला लगा था, वह ताला तोड़कर कमरे में चली गई। जिस पर ससुरालियों ने उसके साथ गाली-गलौच और मारपीट की । पीड़िता ने ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। लोनी बार्डर थाने की विकासकुंज कॉलोनी निवासी पूनम ने बताया कि उसका अपना ससुरालियों से विवाद चल रहा है। जिसके चलते वह कुछ दिनों से अपनी तीन वर्षीय बेटी के साथ बहन के घर रह रही थी। आरोप है कि 22 अक्टूबर को वह अपनी बेटी को लेकर ससुराल पहुंची तो ससुरालियों ने उसके कमरे का ताला लगाया हुआ था। जिसे खोलने से इंकार कर दिया। वह ताला तौड़कर कमरे में चली गई। जिस पर ससुरालियों ने उसके साथ गालीगलौच और मारपीट की। पीड़िता ने पति नितिन, देवर जीतू उर्फ जतन तथा सास राजकुमारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

लोहे से लदा ट्रेलर दुकान में घुसा, दबकर युवक की मौत, दो घायल अस्पताल में भर्ती

गाजियाबाद करंट क्राइम। गाजियाबाद के थाना कवि नगर क्षेत्र के जीटी रोड पर लोहे की बंडल से लदा ट्रेलर मिस्त्री की दुकान में घुस गया। एक बाइक सवार भी बचाव करते दुकान में घुस गया। ट्रेलर पलटने से तीन लोग उसके नीचे दब गए। स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला। मगर तब तक एक युवक की मौत हो चुकी थी। वहीं घायल दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गाजियाबाद में एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया की थाना कवि नगर क्षेत्र में चौधरी मोड़ से लाल कुआं जाने वाले जीटी रोड पर एक ट्रेलर अनियंत्रित हो गया। ट्रेलर में लोहे के बंडल लदे हुए थे। ट्रेलर अनियंत्रित होकर लोहा मंडी के गेट नंबर 1 के सामने बनी मोटरसाइकिल मिस्त्री की दुकान में घुस गया। इसके बाद पलट गया। इसमें तीन लोग मौके पर दब गए। लोगों ने सभी को बाहर निकाला। घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। जिसमें एक करीब 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। जिसकी अभी पहचान नहीं हो पाई है। बाकी दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिनकी हालत गंभीर है। ट्रेलर को साइड में करवा कर रोड को खाली कराया जा रहा है।

सीवर टैंक में गिरा मासूम, मौत

टैंक की सफाई का चल रहा था काम, लापरवाही के चलते हुआ हादसा

हापुड़ करंट क्राइम। हापुड़ के कोतवाली देहात इलाके के मोहल्ला नेहरू नगर में दो वर्षीय मासूम की सीवर टैंक में गिरकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला नेहरू नगर निवासी राजा अपनी पत्नी स्वाति, दो वर्षीय पुत्र अनमोल और दो माह की एक बच्ची के साथ रहता है। सोमवार सुबह पड़ोसी ब्रह्मपाल के घर में सीवर टैंक की सफाई चल रही थी। इस दौरान उसका पुत्र अनमोल भी वहां पहुंचा। खेलते-खेलते टैंक में गिर गया और पानी में डूब कर उसकी मौत हो गई।

पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया शव

बच्चे का शव टैंक के पानी में तैरकर ऊपर आया तो लोगों की नजर उस पर पड़ी। इसके बाद उसके शव को बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। सीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि सीवर टैंक में गिरकर एक मासूम की मौत हुई है। अभी मामले में कोई तहरीर नहीं है। लेकिन शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

हापुड़ करंट क्राइम। हापुड़ के पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के खैरपुर खैराबाद गांव में एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, आगरा निवासी मनीषा की शादी करीब एक साल पहले खैरपुर खैराबाद निवासी अमित से हुई थी। तीन महीने पहले अमित की करंट लगने से मौत हो गई थी। अब सोमवार को मनीषा का शव भी घर में मिला। यह खबर सुनते ही मनीषा के परिजन वहां पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी रघुराज सिंह ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का असली कारण पता चलेगा। अभी तक किसी ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

पुलिस प्रशासन पर सुनवाई न करने का लगाया आरोप

लोनी, करंट क्राइम। जमीनी विवाद का वर्षो बाद भी समाधान ना होने पर सोमवार को लखनऊ में विधान सभा के सामने आत्मदाह का प्रयास करने वाली महिला ने राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों पर सुनवाई ना करने का आरोप लगाया है। एसडीएम लोनी का कहना है कि कई बार मामले की जांच की जा चुकी है, महिला मौके पर अपने हिस्से की जमीन को कम बताकर सरकारी जमीन पर कब्जा करना चाहती है।

पैसे मांगने पर दुकानदार को पीटा

लोनी, करंट क्राइम। शराब के नशे में धुत दबंगों ने चिली पटैटो की ठेली से सामान ले लिया और पैसे मांगने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। नाईपुरा कॉलोनी निवासी मनोज कुमार प्रेमनगर कॉलोनी में चिली पटैटो की ठेली लगाता है। आरोप है कि दो नवंबर को शाम चार बजे उसकी ठेली पर शाहरुख अपने दो साथियों के साथ ठेली पर पहुंचा और सोयाबीन लेकर जाने लगे, पैसे मांगने पर उसके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीडित ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

अरुण चौधरी भुल्लन को मिली चुनाव प्रचार की अहम जिम्मेदारी

गाजियाबाद, करंट क्राइम। राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन को मीरपुर चुनाव में मिली कस्बा नरसिंहपुर में चुनाव प्रचार की अहम जिम्मेदारी । पार्टी हाई कमान ने पूर्व में भी खतौली उप चुनाव में अरुण चौधरी भुल्लन को प्रभारी बनाकर भेजा था । जिसमें प्रत्याशी मदन भैया की जीत हुई । अन्य कार्यकर्ताओं को भी इस तरह चुनाव में जिम्मेवारी दी जाती है जिसका परिणाम सुखद होता है । एक बार पुन : राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने अरुण चौधरी को जिम्मेवारी देकर एक जमीनी कार्यकर्ता का सम्मान बढ़ाया है।

उपचुनाव में संजीव शर्मा रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे : डॉ. अतुल जैन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश में होने वाले उपचुनाव में 20 नवंबर को मतदान होगा ऐसा कार्यक्रम चुनाव आयोग ने घोषित किया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी महानगर भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष संजीव शर्मा जो कि केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों के अनुरूप लगातार पिछले काफी वर्षों से कार्य कर रहे हैं। गाजियाबाद के आगामी उपचुनाव में भारी बहुमत से जीतने वाले हैं। ऐसा गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष और टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉक्टर अतुल कुमार जैन का कहना है।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में सोमवार को कार्यकर्ताओं का और वरिष्ठ नेताओं का जोश देखने लायक रहा। सभी वरिष्ठ नेताओं ने संजीव शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए उनको भारी बहुमत से जीतने का आशीर्वाद दिया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन में पधारे हुए मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का खड़े होकर अभिवादन किया और उनके समर्थन में नारे लगाए।

उत्तर प्रदेश के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों के संबंध में और प्रदेश सरकार द्वारा किए गए प्रदेश के सभी वर्गों के लिए लोक जनकल्याणकारी कार्यों के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें संगठन होता है, कोई व्यक्ति विशेष नहीं होता है, व्यक्ति की पूजा जहां नहीं होती है। कार्यक्रम में सांसद मेयर विधायक क्षेत्रीय अध्यक्ष जिला अध्यक्ष प्रदेश के मंत्री गण इत्यादि के साथ-साथ भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी गण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने गोल पार्क छठ घाट का कराया सौंदर्यीकरण

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड 83 राजेंद्र नगर स्थित गोल पार्क में बने पूर्वांचल के छठ व्रत श्रद्धालुओं के लिए छठ घाट का सौंदर्यकरण का काम तेजी से चल रहा है। इस घाट को पूजा के लिए सजने व संवारने का काम पूर्वांचलीय कल्याण समिति लाजपत नगर के आग्रह पर क्षेत्रीय पार्षद कविता प्रवीण भाटी के द्वारा एक महीने से लगातार किया जा रहा है।

इस काम के लिए पूर्वांचलीय कल्याण समिति लाजपत नगर ने पार्षद का आभार व्यक्त किया। पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने नगर निगम के कर्मचारी एवं पूर्वांचलीय कल्याण समिति लाजपत नगर के पदाधिकारियों के साथ प्रतिदिन सुबह शाम घाट की निगरानी कर रहे हैं। घाट के चारों ओर टायल एवं रंगाई का काम चल रहा है। पूर्वांचलीय कल्याण समिति लाजपत नगर के पदाधिकारी एवं श्रद्धालु कार्यकर्ता एक महीने से सुबह शाम आकार घाट की साफ स्वच्छता बनाने के लिए अपनी-अपनी योगदान कर सेवा के द्वारा कर रहे हैं। घाट का विधिवत निरीक्षण के लिए क्षेत्रीय पार्षद कविता प्रवीण भाटी के साथ-साथ पूर्वांचलीय कल्याण समिति लाजपत नगर के पदाधिकारी राजाराम मौर्य, के एन सिंह, हर्षित, नारायण ठाकुर, मधुकर शर्मा, तपेश्वर, शैलेंद्र यादव, अमरेंद्र, चंदन सिंह, सुनील, राधे, नित्यानंद श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

और बढ़ेगा थ्री-स्टारों के बीच चैलेंज

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में थ्री- स्टारों की संख्या में इजाफा हुआ है। बीते दिनों प्रदेश में बड़े स्तर पर एक प्रमोशन लिस्ट जारी की गई थी। इस लिस्ट का सीधा कनेक्शन पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम से भी बताया गया है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि चुनाव के बाद इन थ्री-स्टारों के बीच चैलेंज बढ़ेगा। बताया जा रहा है कि मुख्यालय से जारी आदेश के बाद डीसीपी स्तर के अधिकारियों ने उनके जोन वाले टू- स्टारों के थ्री-स्टार लगा दिए हैं । अब वह थ्री-स्टार के रूप में नजर आएंगे। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट से बीते दिनों कुछ थ्री-स्टार रवाना किए गए थे, तो अब यहां थ्री- स्टार और बढ़ गए हैं। अब इनका चैलेंज भी बढ़ेगा। उधर सुनने में आ रहा है कि जिन टू-स्टार का प्रमोशन होकर थ्री-स्टार वाला टैग लगा है, इनमें से कई ऐसे फेस भी हैं जो लंबे समय तक जनपदों में चार्ज पर रहे हैं। उनका वर्किंग रिकॉर्ड आउटस्टैंडिंग रहा है। अब देखना होगा इन थ्री-स्टार के बनने से सिटी से लेकर देहात और देहात से लेकर नदियापार वाले जोन पर कई इफेक्ट पढ़ सकते हैं। वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में देहात और नदियापार वाले जोन में टू-स्टारों की संख्या थानों के प्रभारी के रूप में अधिक है। ऐसा भी समीकरण पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में बन सकता है कि आने वाले दिनों में दोनों ही जोन में थ्री-स्टारों को कई थानों पर बैठा दिए जाएं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से टू-स्टार ने थ्री-स्टार की पदोन्नति होने के बाद सोशल मीडिया पर अपने फोटोग्राफ्स डाले हैं। उससे उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि 26 नवंबर के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन के लिए थाना प्रभारियों के स्तर पर सूचनाओं मिलेगी। सिटी वाले जोन में कुछ बदलाव होंगे, तो देहात और नदियापार वाले जोन में भी मामले में कुछ तब्दीलियां सुनने को मिल सकती हैं, ऐसा पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र अभी से दावा कर रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में अब थ्री-स्टार की संख्या अच्छी खासी हो गई है। देखना होगा कि इन 12 थ्री-स्टार में से कौन सा फेस रेस में आगे आएगा।

इंस्टाग्राम पर अभद्र टिप्पणी से परेशान युवती ने की आत्महत्या

फांसी लगाकर दी जान, परिजन बोले: मौत का जिम्मेदार इरफान

नोएडा करंट क्राइम। इंस्टाग्राम पर युवक के अभद्र टिप्पणी से परेशान युवती ने घर में पंखे से फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। आरोपी न सिर्फ इंस्टाग्राम पर उसके लिए अभद्र भाषा लिख रहा था, बल्कि फोन कॉल उसे परेशान भी कर रहा था। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला 29 अक्टूबर का है। आरोपी युवक और युवती पहले से परिचित थे। दोनों का निकाह भी तय हुआ था, मगर बाद में यह रिश्ता टूट गया। थाना सेक्टर 142 क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर 144 में रहने वाले शौकत अली ने बताया कि उनकी बेटी शहरीन को हरियाणा के जिला करनाल की तहसील धरौंदा के गांव मुंडी निवासी इरफान नाम का एक युवक लगातार परेशान कर रहा था। इससे तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली। उसकी आत्महत्या करने का जिम्मेदार आरोपी इरफान है।

नंबर ब्लॉक किया तो इंस्टाग्राम पर करने लगा कमेंट

बताया जाता है कि आरोपी और युवती दोनों एक दूसरे से परिचित थे। युवती एक निजी कंपनी में कार्य करती थी। परिजनों ने बताया कि इरफान लगातार उनकी बेटी को फोन कॉल कर रहा था। परेशान होकर उनकी बेटी ने उसका फोन उठाना बंद कर दिया। उसका नंबर ब्लॉक कर दिया।

इसके बाद आरोपी ने इंस्टाग्राम से उसे परेशान करना शुरू कर दिया। यहां वह उनकी बेटी के बारे में अभद्र टिप्पणी कर रहा था। जिसके बारे में उनकी बेटी ने उन्हें बताया था। उनकी बेटी मानसिक रूप से परेशान हो गई थी। युवक की अभद्र टिप्पणी से आहत होकर उनकी बेटी ने 29 अक्टूबर को घर में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। इसका जिम्मेदार इरफान है। मामले में सुसाइड नोट नहीं मिला है।

परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवती के शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर फारेंसिक टीम भी पहुंची थी, टीम ने मौके से कई साक्ष्य जुटाए। युवती का फोन पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। उसकी जांच की जा रही है।

तय होकर टूट गया था रिश्ता

बताया जा रहा है कि युवक और युवती दोनों एक दूसरे को जानते थे। कुछ माह पहले दोनों का रिश्ता तय हो गया था। निकाह की तारीख तय होनी थी। मगर किसी कारण से यह रिश्ता टूट गया। इसके बाद से आरोपी इरफान युवती को लगातार परेशान करने लगा था। उसके खिलाफ सोशल मीडिया पर गलत भाषा का प्रयोग करता था। आरोपी को युवती के परिजनों और युवती ने भी समझाया था, मगर वह नहीं मान रहा था। इसी कारण से युवती तनाव में थी।

पुलिस खंगाल रही डिटेल

एडिशनल डीसीपी सेंट्रल नोएडा ह्देश कठेरिया ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। साथ ही उसकी कॉल डिटेल भी खंगाल रही है। इसके अलावा उसकी इंस्टाग्राम आइडी भी खंगाली जा रही है। आरोपी के घर दबिश दी गई है। मगर वह नहीं मिला।

छठ पूजा को लेकर अलर्ट जीआरपी व आरपीएफ की टीम ने चलाया चेकिंग अभियान

गाजियाबाद करंट क्राइम। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा छठ पूजा पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने अलर्ट जारी कर दिया हैं। जिसके बाद गाजियाबाद राजकीय पुलिस (जीआरपी) एवं रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीमें भी अलर्ट मोड पर आ गई हैं। जो संयुक्त रूप से अभियान चलाकर ट्रेनों में चेकिंग कर रही हैं। यहीं नहीं, यात्रियों को जागरूक भी किया जा रहा हैं। छठ पूजा के चलते सभी जीआरपी प्रभारियों से रेलवे स्टेशनों और जंक्शन पर सघनता बरतने के आदेश दिए हैं। इसके बाद क्विक रिस्पांस टीम का गठन कर अभियान चला रहे हैं। जीआरपी की क्यूआरटी टीम और आरपीएफ ने बम निरोधक दस्ते एवं डाग स्क्वायड के साथ चेकिंग कर रही है। सीओ जीआरपी सुदेश कुमार गुप्ता ने बताया छठ पूजा को लेकर अलर्ट जारी किया गया।सोमवार को गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर जीआरपी प्रभारी अनुज मलिक, एसी आरपीएफ शंकर सिंह गर्ब्याल, आरपीएफ प्रभारी यशवंत सलूजा और बम डिस्पोजल टीम, डॉग

मंदिर पर हुए हमले को लेकर कनाडाई पत्रकार का फूटा गुस्सा, कहा- पुलिस ने खालिस्तानियों की मदद की

ओटेवा । कनाडा और भारत के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। इस बार हिंदू मंदिर पर हुए हमले को लेकर विवाद छिड़ गया है। कनाडाई पत्रकार डेनियल बोर्डमैन ने प्रशासन के स्थिति से निपटने के तरीके की निंदा करते हुए उन पर खालिस्तानी समूहों के पक्ष में काम करने का आरोप लगाया।

उन्होंने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की आलोचना कर कहा कि वे केवल 'बातें' कर रहे हैं, लेकिन इस दिशा में काम नहीं कर रहे हैं। साथ ही यह चेतावनी भी दी कि अगर एक और साल तक वे पद पर बने रहे तो स्थिति और भी बदतर होगी। इसके अलावा, उन्होंने पुलिस पर भी निशाना साधा। कहा कि पुलिस की कार्रवाई बहुत ही घृणित थी और उन्होंने खालिस्तानियों की मदद की है।

गौरतलब है, कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में एक हिंदू मंदिर में कथित तौर पर खालिस्तानियों ने श्रद्धालुओं को

निशाना बनाया गया। रविवार को ये घटना हुई, जब एक समूह ने यहां पूजा पाठ के लिए आए लोगों पर हमला कर दिया था। इस घटना की जो तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं, उसमें हिंदू सभा मंदिर के बाहर कुछ लोगों को लाठी-डंडों से हमला करते हुए देखा जा सकता है। इस घटना ने इलाके में तनाव बढ़ा दिया, जिसके कारण कनाडाई पुलिस को बड़ी संख्या में कर्मियों को तैनात करना पड़ा।

'ट्रूडो केवल बातें कर रहे'

बोर्डमैन ने कहा कि प्रधानमंत्री ट्रूडो केवल बातें कर रहे हैं, लेकिन इस दिशा में काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि ट्रूडो के लगभग एक और वर्ष के लिए कार्यालय में होने पर स्थिति केवल बदतर होती जा रही है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्रवाई बहुत ही घृणित थी और उन्होंने खालिस्तानियों की मदद की है। हिंदुओं पर हमला किया गया। उन्होंने खालिस्तानियों को नहीं हटाया। खालिस्तानियों ने हिंदुओं पर उनके अपने मंदिर में हमला किया।

घटना को रोका जाना चाहिए था: पत्रकार

बोर्डमैन ने दिन दहाड़े हुए हमले को लेकर कहा कि कनाडा में पहले भी धार्मिक स्थलों जैसे कि सभाओं और चर्चों को निशाना बनाया गया है, लेकिन हाल ही घटना हिंदू भक्तों के खिलाफ हिंसा में चिंताजनक वृद्धि को दर्शाती है। उन्होंने कहा, 'यह इस देश में भक्तों पर पहला दिनदहाड़े हमला है। इस घटना को रोका जाना चाहिए था।'

पत्रकार ने कहा, 'हम कनाडा में यह हर समय देखते हैं, जहां पुलिस यह फैसला लेती है कि वे उन लोगों पर कानून लागू करेंगे, जो इसे सुनने के लिए सबसे अधिक इच्छुक हैं। कनाडा सरकार का कोई भी हिस्सा, इसमें उनका पक्ष नहीं लेता है।

ब्रैम्पटन के मंदिर पर खालिस्तान समर्थकों के हमले से रोष, पीएम ट्रूडो बोले- हिंसा अस्वीकार

ब्रैम्टन । कनाडा के ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में श्रद्धालुओं पर कथित खालिस्तानी समर्थकों ने हमला किया। जिस समय वारदात को अंजाम दिया गया उस समय परिसर में महिलाएं-बच्चे भी मौजूद थे। खबरों के मुताबिक मंदिर में मौजूद महिलाओं और बच्चों पर भी हमला हुआ है। इस घटना से भारत-कनाडा संबंधों में तनाव और बढ़ सकता है। हालात तनावपूर्ण होने के बाद स्थानीय पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षाबलों को तैनात किया। पुलिस ने आश्वस्त किया है कि किसी भी तरह की हिंसा को रोकने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बंदोबस्त किए गए हैं।

प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने घटना की निंदा की

इस घटना के बाद प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस हिंसा की निंदा की। उन्होंने हिंसक वारदात को अस्वीकार्य बताया और कहा कि सभी कनाडाई नागरिकों को सुरक्षित तरीके से अपनी

आस्था का पालन करने का अधिकार है। प्रधानमंत्री के अलावा कनाडा की संसद में विपक्षी नेता पियरे पोलीएवर, सांसद केविन वूंग और चंद्रा आर्य ने भी घटना की निंदा की। उन्होंने इस घटना को अस्वीकार्य और खतरनाक चरमपंथ बताया।

खालिस्तानी चरमपंथियों का हमला 'लाल रेखा पार करने' वाला कृत्य : सांसद चंद्रा आर्य ने ब्रैम्पटन के हिंदू सभा मंदिर में खालिस्तानी चरमपंथियों के हमले को 'लाल रेखा पार करने' वाला कृत्य बताया। हिंदू-समुदाय पर हुए हमले की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि खालिस्तानी उग्रवाद कनाडा में हिंसक रूप ले चुका है। स्वतंत्रता के नाम पर ऐसे तत्वों को 'मुक्ति' मिल रही है। आर्य ने हिंदू-कनाडाई समुदाय से अपनी सुरक्षा के लिए आवाज उठाने और ऐसी घटनाओं के लिए नेताओं को जवाबदेह ठहराने की अपील भी की।

महिलाओं और बच्चों पर भी हमला किया गया

ब्रैम्पटन के हिंदू सभा मंदिर में खालिस्तानी चरमपंथियों के हमले की कड़ी निंदा करते हुए कनाडाई संसद में विपक्ष के नेता पियरे पोलीएवर ने इस घटना को 'पूरी तरह अस्वीकार्य' बताया। उन्होंने कहा कि सभी कनाडाई नागरिकों के लिए शांति से अपने धर्म का पालन करने का अधिकार जरूरी है। टोरंटो के सांसद केविन वूंग ने भी इस घटना की निंदा की। उन्होंने ब्रैम्पटन की घटना को कनाडा में चरमपंथियों को कथित तौर पर मिल रहे 'सुरक्षित ठिकाने' से जोड़ा।

जयशंकर ने ब्रिसबेन में किया नए भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन, महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

ब्रिसबेन । विदेश मंत्री एस जयशंकर फिलहाल पांच दिवसीय यात्रा पर ऑस्ट्रेलिया में हैं। उन्होंने सोमवार यानी आज ब्रिसबेन के रोमा स्ट्रीट पार्कलैंड्स में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। साथ ही भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन भी किया।

जयशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गांधी के आदर्श दुनिया भर में गूंजते रहते हैं। उन्होंने एक्स पर कहा, 'आज सुबह ब्रिसबेन के रोमा स्ट्रीट पार्कलैंड्स में महात्मा गांधी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शांति और सद्भाव का उनका संदेश दुनिया भर में गूंजता है।'

इसके अलावा उन्होंने ब्रिसबेन में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। उन्होंने तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पर कहा, 'आज ब्रिसबेन में भारत के नए महावाणिज्य

दूतावास का औपचारिक रूप से उद्घाटन करते हुए मुझे खुशी हो रही है।

यह क्वींसलैंड राज्य के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने, व्यापार को बढ़ावा देने, शैक्षिक संबंधों को बढ़ावा देने और प्रवासी समुदाय की सेवा करने में योगदान देगा। उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए क्वींसलैंड की राज्यपाल महामहिम डॉ. जीनेट यंग और मंत्रियों रोस बेट्स और फियोना सिम्पसन को धन्यवाद।'

जयशंकर ने ब्रिसबेन में क्वींसलैंड की राज्यपाल जीनेट यंग के साथ मुलाकात पर कहा, 'क्वींसलैंड राज्य के साथ आर्थिक, व्यापार और निवेश सहयोग को मजबूत करने के अवसरों और तरीकों पर चर्चा की।

छह महीने बाद पृथ्वी पर सुरक्षित लौटे चीनी अंतरिक्ष यात्री, कामयाब रहा चीन का मिशन शेनझोउ

बीजिंग । पृथ्वी की निचली कक्षा में अंतरिक्ष केंद्र बना रहे चीन को अपने मिशन शेनझोउ 18 में बड़ी कामयाबी मिली है। चीन की महत्वाकांक्षी परियोजना शेनझोउ-18 के तहत अंतरिक्ष में गए तीन अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर लौट आए हैं। चीन की मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) के मुताबिक चीन के अंतरिक्ष यान शेनझोउ -18 का कैप्सूल तीनों अंतरिक्ष यात्री कमांडर ये गुआंगफू, ली कांग और ली गुआंगसु को लेकर बीजिंग समयानुसार सुबह 1.24 बजे उत्तरी चीन के इनर मंगोलिया के डोंगफेंग में सुरक्षित उतरा।

चीन की अंतरिक्ष एजेंसी के मुताबिक तीनों अंतरिक्ष यात्री 192 तक दिन तक निचली कक्षा में रहे और

उसका शेनझोउ-18 मानवयुक्त मिशन सफल रहा। इसके साथ ही मिशन के कमांडर ये गुआंगफू ने भी नया रिकॉर्ड कायम किया है। वह एक वर्ष से अधिक समय तक अंतरिक्ष में रहने वाले पहले चीनी अंतरिक्ष यात्री बन गए हैं। इससे पहले वह अक्तूबर 2021 से अप्रैल 2022 तक चीन के शेनोझोउ 13 मिशन में भी शामिल रहे चुके हैं।

अंतरिक्ष में उगाए चेरी टमाटर और सलाद पत्ता

अंतरिक्ष में गए एक और यात्री ली गुआंगसू ने बताया कि मिशन के दौरान उन्होंने दो प्रकार के पौधे उगाए। इसमें चेरी टमाटर और सलाद पत्ता शामिल रहे। उन्होंने भोजन के लिए कुछ सलाद पत्ते भी एकत्र किए थे।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अंतरिक्ष में ताजी सब्जियां खाना एक वरदान है। हरे पौधों ने हमारे व्यस्त काम में भी हरियाली और खुशियां बिखेरीं।

अप्रैल में भेजा था मानव युक्त मिशन : चीन ने अपने मानव युक्त मिशन शेनझोउ 18 को इस साल अप्रैल में लॉन्च किया था। इस मिशन के दौरान शेनझोउ-18 चालक दल ने वैज्ञानिक प्रयोग कैबिनेट और अतिरिक्त पेलोड का उपयोग सूक्ष्मगुरुत्व, अंतरिक्ष पदार्थ विज्ञान, अंतरिक्ष जीवन विज्ञान, अंतरिक्ष चिकित्सा और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में बुनियादी भौतिकी के क्षेत्रों में दर्जनों प्रयोग करने के लिए किया। तीनों की तीन अन्य चीनी अंतरिक्ष यात्रियों ने मदद भी की। चीन हर छह महीने में अपने चालक दल को बदल देता है।

बनाया खुद का स्पेस स्टेशन

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से बाहर किए जाने के बाद चीन ने अपना खुद का अंतरिक्ष स्टेशन बनाया।

श्री थानेदार का दावा- ट्रंप भारत और अमेरिका के लिए अच्छे नहीं; हेली बोलीं- हैरिस से बेहतर पूर्व राष्ट्रपति

वॉशिंगटन । अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। ऐसे में, डेमोक्रेटिक की ओर से कमला हैरिस और रिपब्लिकन की ओर से डोनाल्ड ट्रंप चुनावी मैदान में हैं। दोनों ही उम्मीदवार आखिरी कुछ घंटों में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वहीं, इनके समर्थकों में भी आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। भारतीय अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने ट्रंप के राष्ट्रपति बनने की संभावनाओं के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा कि ट्रंप तानाशाह बनना चाहते हैं। साथ ही उनका सत्ता में आना भारत के साथ संबंधों के लिए अच्छा नहीं होगा। हालांकि, पूर्व राजदूत निक्की हेली ने रिपब्लिकन उम्मीदवार का पक्ष लिया। कहा कि हैरिस की तुलना में पूर्व राष्ट्रपति बेहतर विकल्प हैं।

भारतीय-अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने पूर्व राष्ट्रपति द्वारा पिछले चुनाव परिणामों से इनकार करने और भारत-अमेरिका संबंधों पर उनके प्रतिबंधों के संभावित प्रभाव पर प्रकाश डाला।

इसके अलावा, उन्होंने आगामी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में भारतीय-अमेरिकी वोट के महत्व पर बात की, जबकि मिशिगन जैसे महत्वपूर्ण स्विंग राज्य में कमला हैरिस के लिए बढ़ते समर्थन का उल्लेख किया।

ट्रंप ने कई समूहों का अपमान किया
2016 के चुनावों के दौरान मिशिगन में ट्रंप की जीत ने इसे एक महत्वपूर्ण युद्ध का मैदान बना दिया। हम विशेष रूप से महिलाओं, युवाओं और अल्पसंख्यक समूहों के बीच हैरिस की ओर झुकाव देख रहे हैं। ट्रंप ने इनमें से कई समूहों का अपमान किया है, जिसके कारण कुछ लोग पलायन कर रहे हैं।'

ट्रंप ने कई समूहों का अपमान किया

2016 के चुनावों के दौरान मिशिगन में ट्रंप की जीत ने इसे एक महत्वपूर्ण युद्ध का मैदान बना दिया। हम विशेष रूप से महिलाओं, युवाओं और अल्पसंख्यक समूहों के बीच हैरिस की ओर झुकाव देख रहे हैं। ट्रंप ने इनमें से कई समूहों का अपमान किया है, जिसके कारण कुछ लोग पलायन कर रहे हैं। 'उन्होंने भारतीय-अमेरिकी समुदाय के भीतर विविधता पर प्रकाश डाला, जो आम तौर पर डेमोक्रेट झुकाव रखते हैं, सामाजिक, आर्थिक और आव्रजन मामलों पर अलग-अलग विचार रखते हैं। भारतीय-अमेरिकी समुदाय के मतदान पैटर्न पर बोलते हुए, अमेरिकी सांसद ने कहा कि हालांकि समुदाय डेमोक्रेट की ओर झुकाव रखता है, लेकिन वे सामाजिक, आर्थिक और आव्रजन मुद्दों पर विभिन्न दृष्टिकोणों वाले एक विविध समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जबकि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस लोकतंत्र समर्थक और महिला अधिकारों की समर्थक हैं। वहीं ट्रंप ने अप्रवासियों के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी की है और धनी कॉरपोरेट्स का पक्ष लिया है।

हिंदुओं पर खालिस्तानियों के हमले से भारत-कनाडा में बढ़ा तनाव

ओटावा । कनाडा में हिंदू समुदाय के लोगों को मंदिर के बाहर खालिस्तानियों द्वारा निशाना बनाए जाने से भारत और कनाडा के रिश्तों में जारी तनाव और बढ़ सकता है। कनाडा स्थित भारतीय

उच्चायोग ने इस मुद्दे को लेकर बयान जारी किया है और कनाडा की सरकार के सामने नाराजगी जाहिर की है। इस बयान में भारतीय उच्चायोग ने कनाडा की सरकार से चरमपंथी खालिस्तानियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बयान में कही गईं ये बातें उच्चायोग की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि 'पूर्व के वर्षों की तरह भारतीय उच्चायोग और वैंकुवर और टोरंटो के महावाणिज्य दूतावासों की तरफ से ब्रैंपटन के हिंदू सभा मंदिर में काउंसुलर कैंप का आयोजन किया गया था।

हमारे पड़ोसी मुल्क का शहर दुनिया में सबसे प्रदूषित एक्यूआई पहुंचा 1900, स्कूल बंद रखने का आदेश

लाहौर । भारत के कई शहर इन दिनों वायु प्रदूषण की समस्या से जूझ रहे हैं। भारत में अक्सर दिवाली पर छूटने वाले पटाखों को वायु प्रदूषण का कारण बताया जाता है, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर पाकिस्तान का दूसरा सबसे बड़ा शहर लाहौर है, जहां शनिवार को एक्यूआई का स्तर 1900 पहुंच गया। आईक्यू एयर ने यह आंकड़े जारी किए हैं, जिनमें रियल टाइम के आधार पर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों के नामों का खुलासा किया गया है।

लाहौर में स्कूल-कॉलेज बंद रखने का आदेश जारी

आईक्यू एयर ने यह आंकड़े जारी किए हैं, जिनमें रियल टाइम के आधार पर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर के नाम का खुलासा किया गया है। भारत-पाकिस्तान सीमा पर प्रदूषण का स्तर सबसे ज्यादा पाया गया है। हालात को देखते हुए लाहौर प्रशासन ने कर्मचारियों का घर से काम करना

अनिवार्य कर दिया है और साथ ही सभी स्कूल-कॉलेज बंद करने का आदेश जारी किया है।

सरकार ने प्राथमिक विद्यालय एक हफ्ते तक बंद करने का आदेश दिया है और साथ ही सभी लोगों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरयम नवाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी।

प्रदूषण के लिए भारत पर लगाया आरोप

पाकिस्तान की सरकार ने लाहौर शहर के बाशिंदों को घरों के भीतर ही रहने की सलाह दी है, साथ ही खिड़की दरवाजे बंद रखने की भी सलाह दी है। लोगों को गैर जरूरी यात्रा से बचने की अपील की गई है। हैरानी की बात ये है कि पाकिस्तान पंजाब की सरकार ने लाहौर में वायु प्रदूषण के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया है और कहा है कि भारत से आने वाली हवाओं के चलते लाहौर में वायु प्रदूषण की स्थिति खराब हुई। सीएम मरयम नवाज ने कहा कि भारत से बात किए बिना प्रदूषण की समस्या हल नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के जरिए भारत से इस संबंध में बात की जाएगी।

चीनी युवा विवाह से दूर भाग रहे, आबादी बढ़ाने के सरकारी उपाय नाकाम; जनसंख्या चिंता का सबब

बीजिंग । चीन इन दिनों में जनसंख्या की कमी से जुझ रहा है। जनसंख्या की कमी से निपटारे के लिए चीनी सरकार का आबादी बढ़ाने का कोई भी उपाय कारगर साबित नहीं हो रहा है। चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय के शुक्रवार को जारी नवीनतम आधिकारिक आंकड़े इसका सुबूत देते हैं। इनके मुताबिक, 2024 के पहले नौ महीनों में मैरिज रजिस्ट्रेशन में खासी गिरावट दर्ज की है।

चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि 2024 में चीन में पहले से कम लोग शादी कर रहे हैं। यहां जनवरी से सितंबर 2024 के बीच लगभग 4.747 मिलियन जोड़ों ने अपनी शादियां दर्ज करवाईं। शादियों के रजिस्ट्रेशन का यह आंकड़ा 2023 के इन महीनों के दौरान हुए रजिस्ट्रेशन से से 943,000 कम है।

2023 के पहले नौ महीनों में लगभग 5.69 मिलियन जोड़ों ने शादी की थी, जो 2022 से अधिक थी। इस

साल की शुरूआत में, चीन ने लगातार दूसरे साल जन्म दर में गिरावट की रिपोर्ट दी।

इसी वजह से सरकार ने बड़े शहरों में ऐसी परियोजनाएं और कार्यक्रम शुरू किए जो युवाओं को शादी करने और बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करें। इसका उद्देश्य परिवार बढ़ाने के लिए एक अधिक सहायक माहौल बनाना और बच्चों के जन्म को आकर्षक बनाने वाली संस्कृति को बढ़ावा देना है।

चीनी सरकार की बढ़ती चिंता

शादियों में इस गिरावट से चीनी सरकार फिक्रमंद है क्योंकि देश की जनसंख्या कम हो रही है। कई युवा चीनी शादी करने में देरी कर रहे हैं क्योंकि वे अपने भविष्य, नौकरी की सुरक्षा और बढ़ती जीवन लागत को लेकर चिंतित हैं। इस स्थिति ने सरकार के लिए लोगों को बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करना मुश्किल बना दिया है। इसे सुधारने के लिए चीनी सरकार ने हाल ही में कानून में संशोधन कर शादियों का पंजीकरण आसान और तलाक लेना मुश्किल बना दिया है।

2024 के पहले नौ महीनों में लगभग 1.97 मिलियन तलाक दर्ज किए गए। हालांकि, इनमें इस साल बीते साल के मुकाबले 6,000 की मामूली गिरावट आई है। शादी करने से बच रहे युवाओं राष्ट्रपति शी जिनपिंग सहित चीनी नेता एक ऐसा माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं जहां शादी और बच्चों को बढ़ावा देना युवाओं के लिए आकर्षक हो। राष्ट्रपति जिनपिंग ने कहा कि महिलाओं की अहम भूमिका है और उन्हें परिवार का एक नया चलन स्थापित करना चाहिए।

जिला प्रशासन एवं जिला गंगा संरक्षण समिति ने आयोजित किया गंगा उत्सव-2024

पर्यावरण, जल, नदी आदि की सुरक्षा करना हमारी जिम्मेदारी : इन्द्र विक्रम सिंह

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गंगा नदी को राष्ट्रीय नदी घोषित किये जाने के उपरान्त नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन एवं जिला गंगा संरक्षण समिति द्वारा शासन के दिशानिर्देशों के क्रम में गंगा उत्सव-2024 कार्यक्रम हिन्दी भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चित्रकला व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम आयोजनकर्ताओं द्वारा जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, डीएफओ ईशा तिवारी, सिविल डिफेंस चीफ वार्डन ललित जायसवाल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने जनसभा को सम्बोधित किया।

जिलाधिकारी के सम्बोधन के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा गणेश वन्दना, गंगा मैया पर अनेक प्रकार के गीत/भजन का गुणगान व सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए गए। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रतियोगियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और आने वाले मतदान दिवस पर मतदान करने एवं कराने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में गंगा समिति, जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में विद्या थीं उनके अभिभावक व अध्यापक उपस्थित रहे।

किसी भी वस्तु का उपयोग आवश्यकतानुसार किया जाना चाहिए : जिलाधिकारी

करंट क्राइम। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने सर्वप्रथम पुराणों के अनुसार मां गंगा के पृथ्वी पर अवतरण की संक्षिप्त कथा सभी को सुनाई। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा जरूरत के अनुसार ही किसी भी चीज का उपयोग/प्रयोग करना चाहिए। जरूरत से ज्यादा करने पर वह हम सभी के लिए नुकसानदायी है। पहले के लोग तालाब, नदी आदि जगहों पर स्नान करते थे, धीरे-धीरे लोग अपने घरों में आ गये क्योंकि कुछ लोगों की गलत आदतों के कारण तालाब, नदी गंदे हो गये हैं, जिस कारण वहां स्नान कर पाना मुश्किल है। वर्तमान में हम लोग घरों में भी सावर (फव्वारा), बाथटब आदि या अत्यधिक पानी का उपयोग कर नहाते एवं अन्य कार्य करते हैं। इसी प्रकार जल का दुरुपयोग होता रहा तो आने वाले समय में अपने बच्चों को पानी सिर्फ पीने लायक ही बचेगा। अत: जल का कम से कम या आवश्यकतानुसार ही उपयोग करें। यदि कोई व्यक्ति सोचता है कि उसके करने से क्या होगा तो यह गलत सोच है, उसे देखा-देख और भी करेंगे। इसलिए पहले आप स्वयं को सुधारें, तभी तुम्हें देख जग सुधरेगा। हमें पर्यावरण सहित अन्य जागरूकता के कार्यों को जमीनी स्तर पर जरूर करना चाहिए। जिलाधिकारी ने अनेक प्रकार से सभी को पर्यावरण, जल, नदी आदि के बारे में जागरूक करने हेतु अनेक प्रकार के विशेष बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया। जिलाधिकारी ने कहा कि हम सभी को 10-10 लोगों को उक्त सभी विषयों पर जागरूक करना चाहिए। यदि हम सभी लोग जागरूक हो जायेगें तो वह दिन दूर नहीं कि हमारी धरती स्वर्ग से भी सुन्दर हो जायेगी।

महापर्व दीपावली के बाद छठ पूजा की तैयारी में जुटा नगर निगम

व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

निर्माण, स्वास्थ्य, जलकल तथा प्रकाश निरंतर छठ घाटों पर पुख्ता करें इंतजाम : नगर आयुक्त

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले छठ घाट/स्थलों पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशानुसार व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में निगम अधिकारी जुटे हुए हैं। लगभग 70 से अधिक छठ घाटों की रंगाई-पुताई का कार्य, मरम्मत का कार्य, प्रकाश व्यवस्था का कार्य, पेयजल की व्यवस्था का कार्य प्रमुखता से कराया जा रहा है, मौके पर अधिकारी भी अपने-अपने कार्य क्षेत्र में निरंतर जायजा ले रहे हैं।

अपर नगर आयुक्त अवनिंद्र कुमार ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देशानुसार सभी छठ पूजा घाटों पर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए टीम लगी हुई है। जोन वार विभाग के अनुसार व्यवस्था को बनाए रखने के लिए ड्यूटी भी लगाई गई है। समस्त जोनल प्रभारी भी अपने-अपने जोन में सभी घाटों पर नजर बनाए रखेंगे। समस्त जोन में अधिशासी अभियंता निर्माण, सहायक अभियंता निर्माण, अधिशासी अभियंता जल, अवर अभियंता जल तथा प्रकाश प्रभारी व सह प्रकाश प्रभारी भी सभी घाटों पर व्यवस्थाओं को देखेंगे, निर्देश जारी किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के सफाई निरीक्षक अपने-अपने जोन में घाटों की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करेंगे निर्देश दिए गए हैं। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा दीपावली महापर्व पर शहर हित में बेहतर कार्य किया है जिसकी प्रशंसा क्षेत्रीय पार्षदों जनप्रतिनिधियों तथा निवासियों ने की है। इसके अलावा छठ पूजन की तैयारी में भी बेहतर कार्य गाजियाबाद नगर निगम के विभागों द्वारा किया जा रहा है। महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की नेतृत्व में छठ पूजन महोत्सव भव्य रूप से मनाया जाए निरंतर तैयारी चल रही है।

छठ पूजा स्थल के क्रम में सिटी जोन अंतर्गत 10 स्थलों पर व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। कवि नगर जोन अंतर्गत लगभग 14 स्थान को व्यवस्थित किया गया है। विजयनगर अंतर्गत 21 छठ स्थलों को सुंदर बनाया गया है। वसुंधरा अंतर्गत आठ स्थलों पर छठ घाट की व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। मोहन नगर जोन अंतर्गत 14 छठ स्थलों को व्यवस्थित किया गया है। हिंडन नदी मुख्य घाट पर भी अभियान के रूप में कार्य चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुंभी को हटाकर सफाई कराई गई है तथा निर्माण विभाग द्वारा बैरिकेडिंग करते हुए ग्रीन मेट भी सुरक्षा की दृष्टि से लगवाया गया है।

पुरबिया जन कल्याण परिषद के सदस्यों ने की हिंडन छठ घाट की पूजा

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। पुरबिया जन कल्याण परिषद के सदस्यों ने सोमवार को हिंडन छठ घाट पर मंत्रोच्चारण नारियल तोड़कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। इस दौरान जिले के सभी विभागों के अधिकारी सभी छठ घाटों के कार सेवक उपस्थित हुए। 5 से 8 नवम्बर तक महापर्व का कार्यक्रम चलेगा। घाट प्रभारियों ने अपने घाटों की व्यवस्था के बारे में बताया। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि पर्व से पहले सभी कार्य पूरे कर लिए जायेंगे। समय से हिंडन नदी में पर्याप्त जल छोड़ने के लिए प्रशासन प्रयासरत है।

इस अवसर पर अशोक श्रीवास्तव मार्ग दर्शक, राकेश तिवारी, साधू राम, विनोद अकेला, मनोज कुमार, तिलक राम पाण्डेय, राम प्यारे यादव, अशोक श्रीवास्तव, कंचन तिवारी, सुभाष सिंह, राज देव यादव, उर्वशी चौहान आदि लोग मौजूद रहे। राकेश तिवारी ने बताया सभी कर्मचारी नगर निगम के कर्मचारियों को सम्मानित किया गया है।

7 नवम्बर को जनरल वीके सिंह घाटों पर हेलीकॉप्टर से करेंगे पुष्पवर्षा

करंट क्राइम। राष्ट्रीय अध्यक्ष रीता सिंह वह राष्ट्रीय महासचिव राकेश तिवारी ने बताया कि 7 नवम्बर को डॉ० जनरल वीके सिंह सभी घाटों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर व्रतधारियों, श्रद्धालुओं का एवं छठ माता का सम्मान करेंगे। उन्होंने कहा घाट पर सोमवार को सफाई व्यवस्था की गई है। नगर निगम का पूरा सहयोग मिल रहा है, घाट की पूर्णता सफाई चल रही है।

चिन्टू जी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

क्यों कहा कहने वाले ने कि समाजवादी पार्टी में विधायक आशु मलिक का काफी मजबूत है किरदार? अखिलेश जी से बहुत उनके रिश्ते हैं जोरदार? सुना है जब चार्टेड प्लेन से पूर्व मुख्यमंत्री करेंगे हिंडन एयरबेस पर लैंड? तब यहां पर मलिक साहब का सबसे मजबूत रहेगा स्टैण्ड? भैया जी के साथ वो गाड़ी में बैठकर सपा नेता अभिषेक गर्ग के फार्म हाऊस के लिए होंगे सवार? जब गाड़ी पहुंचेगी कार्यक्रम स्थल पर तो गाड़ी से उतरते हुए उनके होंगे भैया जी के साथ ही दीदार?

क्यों कहा कहने वाले ने कि मुरादनगर के एक भगवा त्यागी नेता ने दिखाया है बहुत ही बड़े वाले ज्योतिष को अपना हाथ? ये वो ज्योतिष हैं जिनसे पार्टी के बड़े-बड़े नेता और विधायक पता करते हैं अपने भविष्य के हालात? सुना है ज्योतिष ने हाथ को देखकर दे दिया है त्यागी नेता को बड़ा संदेश? कहा है आपके हिस्से में लिखा है राज-योग? कुछ ऐसी ही किरणें बिखेर रहा है आपका फेस? सुना है ज्योतिष ने लिख कर दिया है इनको आने वाला मुकाम? ना जाने कौन सी इन नेता की मुराद पूरी होनी है? ये तो वक्त ही बतायेगा श्रीमान?

क्यों कहा कहने वाले ने कि पूर्व एमएलसी ने पूर्व विधायक से कर दिया है स्पष्ट? कह दिया है आप ही हो गठबंधन के उम्मीदवार के असली सारथी? आप ही को लेनी है सभी खुशियां, आप ही को झेलने हैं सभी कष्ट? कहने वाले ने कहा पूर्व विधायक को इसलिए दी गई है प्रत्याशी के सारथी की उपाधि? क्योंकि इनके टिकट की इन्होंने ही भरी थी लखनऊ में मुनादी? देखना अब ये है कि उम्मीदवार किस तरह दिखाते हैं अपना चुनाव में किरदार? फिलहाल तो मामला पूर्व विधायक के दिल से पूछो? उनकी चेहरे की मुस्कुराहट आपको सबकुछ स्पष्ट कर देगी यार?

क्यों कहा कहने वाले ने कि शर्मा एंड कंपनी के खास फोटो वाले पंडित जी के दिख रहे हैं आजकल बदले-बदले से अंदाज? कभी पढ़ते थे वो पहलवान के दोस्त को लेकर दर्द-ए-दिल की शायरी? अंदाज रहते थे फोटो वालों के हमेशा फायरी? मगर अब दे रहे हैं पंडित जी कुछ अलग हटके संदेश? फेसबुक पर भगवा कमांडर के जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं? ना जाने वो अपने किसी खास को क्या संदेश देना चाह रहे हैं? हम देख रहे हैं जबसे हुआ है कमांडर का टिकट? तब से काफी बदलाव फोटो वाले पंडित जी में आ रहे हैं?

क्यों कहा कहने वाले ने कि जब निभाना है चुनाव में साथ, तो फिर क्यों करा रहे थे कराने वाले दूरियों का एहसास? कहने वाले ने कहा हम थे चौधरी साहब के बूथ सम्मेलन वाले कार्यक्रम में मौजूद? यहां पर दिखाई दे रहा था बहुत दिनों से नहीं दिखाई देने वाले चेहरों का वजूद? वैश्य नेता से लेकर पंजाबी नेता ने दिये हुए थे अपने मौके पर दीदार? दिल तो है दिल, दिल का क्या कीजिए? इस दिल का कैसे करें कोई ऐतबार?

क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद? यहां पर कार्यकर्ताओं से प्रदेश वाले चौधरी साहब से साफ और सीधे शब्दों में कर दी एक बात स्पष्ट? करा दिया सभी को एहसास? कार्यकर्ता को दिया है हमने भाजपा का टिकट? इस शब्द से उन्होंने गिरा दिया इस पार से लेकर उस पार वाला शटर? कहा अब कार्यकर्ता को आपको जिताकर लाना है? ये आपकी है जिम्मेदारी, अब अपना नहीं है इसमें कोई मैटर?

क्यों कहा कहने वाले ने कि प्रदेश वाले चौधरी साहब शब्दों की नाप-तोल का जानते हैं बेहतर हिसाब? हमने देखा वो अपने शब्दों से करा रहे थे कार्यक्रम में तरह-तरह के एहसास? दे रहे थे किसी को लेकर खास संदेश? बार-बार इस चेहरे को बता रहे थे वो पार्टी का बड़ा फेस? जैसे ही बड़े फेस वाली आई उनके मुख पर बात? वैसे ही इन शब्दों के साथ जोड़ दिया गर्ग साहब? हमें उनके शब्दों को सुनकर हो रहा था खुद पर गुमान? क्योंकि गर्ग साहब से हमारी बहुत अच्छी है जान-पहचान?

क्यों कहा कहने वाले ने कि अभी भी निगम के कुछ पार्षद कर रहे हैं अनदेखी फील? सुना है पुराने जख्म नहीं हुए हैं उनके अभी तक हील? सुना है ये वो ही पार्षद हैं जिन्होंने एक समय विद्रोह वाले दौर में प्रेस काफ्रेंस में दिया था ताकतवर लेडी का साथ? कराया था उनसे अपनेपन का एहसास? सुना है अब इन पार्षदों को झेलने पड़ रहे हैं प्रेस काफ्रेंस के साईड इफैक्ट? पता चला है साहब इनके फोन पर नहीं करते हैं कोई रिप्लाई? ना ही संदेश पर आता है उनका कोई रिएक्ट?

क्यों कहा कहने वाले ने कि पूरे गौरव से बदल दिया है युवा चौपड़ा ने अपनी राजनीति का पैगाम? अब उन्हें दायें-बायें से ज्यादा पार्टी और खुद के लिए फोकस करना है? खत्म कर दिया है उन्होंने मामला जान तेरे नाम? सुना है हाल ही में कराने जा रहे हैं वो भगवा कमांडर के लिए बहुत बड़ा प्रोग्राम? इस प्रोग्राम से वो देंगे संदेश? युवाओं में आज भी पहले जितना मजबूत है ये फेस? कहने वाले ने कहा हमें अंदर से पता चली है ये बात? भगवा कमांडर किसी से कह रहे थे? इस युवा चेहरे के लिए आज भी मेरे हार्ट में जगह है खास?

क्यों कहा कहने वाले ने कि मिस्टर छाबा को किया था ठाकुर साहब ने फोन? कहा था हम तो आपको लेकर हमेशा राइट रहते थे? मगर आपने तो कर दिया इस बार हमको रॉन्ग? आपने भी अपने होर्डिंग से दूर कर दिया फोटो? हमें नहीं था इस बात का एहसास? सुना है छाबा जी ने ठाकुर साहब को किया रिएक्ट? कहा यही फार्मेट इस बार हमें होर्डिंग बनाने के लिए मिला है? जो कुछ है वो है बस इस बात का इफैक्ट? हमारे दिल में नहीं आया है किसी बात का डिफैक्ट?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। विनीता त्यागी ने अपने उस पल को साझा किया जिसमें उन्होंने दीपावली की खुशियों में मदद की रोशनी दिखाई। एक जज्बा है ये मदद का ओर एक सार्थक संदेश भी। विनीता त्यागी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

दैनिक करंट क्राइम पर जमकर शेयर की भाई-बहन ने भाई दूज की बधाइयां

बहन सिद्धि शर्मा, भाई अविराज शर्मा